खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, सोमवार 20 अक्टूबर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 140 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## रोशनी के पर्व

**दीपावली के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद**

- सम्पादक

## अवकाश सूचना

दीपावली पर्व के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा

-प्रबंधक

## पाकिस्तान व अफगानिस्तान सीजफायर पर राजी

**दोहा।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने 9 अक्टूबर से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शनिवार को तत्काल सीजफायर पर सहमति जताई। इसका ऐलान कतर के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर किया। बयान के मुताबिक, कतर और तुर्किए की मध्यस्थता में दोहा में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बातचीत हुई। इसमें दोनों पक्षों ने तत्काल सीजफायर लागू करने पर सहमति जताई। साथ ही सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता लाने के लिए व्यवस्था बनाने पर भी बात हुई। बयान में कहा गया है कि दोनों देशों ने अगले कुछ दिनों में फालो-अप मीटिंग करने पर भी सहमति जताई है।

# देशभर में 8.82 लाख अदालती आदेश अधर में

## सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा निष्पादन याचिकाओं (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है।

जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इन्कार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है, ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं।

## 500 पेज की जमानत याचिका खारिज

**दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट बोली- यह बहुत बड़ी, इसे पढ़ने में कीमती वक्त लगेगा**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने रेप केस के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी, आरोपी के वकील की तरफ से दायर याचिका 500 पेज की थी। कोर्ट ने कहा कि यह बहुत बड़ी और भारी-भरकम है।

एडिशनल सेशन जज रमेश कुमार द्वितीय ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि एक ही दस्तावेज पर दोबारा गौर करना संभव नहीं है, क्योंकि यह बहुत बड़ा है। कोर्ट ने वकील को याचिका को छोटा करने की सलाह दी और एक नई याचिका दायर करने की छूट दी। आरोपी के खिलाफ कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन में रेप केस में मामला दर्ज किया गया था। एएसजे रमेश कुमार ने 17 अक्टूबर को आदेश दिया कि जमानत के दस्तावेज बहुत बड़े हैं। अदालत पर पुराने मामलों के निपटारे का बोझ है। आवेदक/अभियुक्त का आवेदन बहुत बड़ा और स्थूल होने के कारण खारिज किया जाता है और इसे पढ़ने में कोर्ट का कीमती समय खराब होगा।

# अयोध्या के नाम दर्ज हुए दो विश्व कीर्तिमान



अयोध्या, वार्ता

- रामनगरी पहुंचे प्रभु श्रीराम, 26 लाख दीए जलाकर स्वागत
- गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

**प्रभु राजा** राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26.11 लाख दीए जलाए गए।

ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ। गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीए की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीए जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीए में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया जाएगा। इससे स्वयंसेवकों को दीए प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी।

## अमेरिका में 'नो-किंग' प्रोटेस्ट, 70 लाख लोग जुटे


**वाशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में देश के अलग-अलग शहरों में 2600 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में करीब 70 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। इन प्रदर्शनों को नो किंग्स प्रोटेस्ट नाम दिया गया है।












## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश का दिवाली बयान सनातन विरोधी: बीजेपी

**लखनऊ।** अयोध्या में दीपोत्सव से पहले योगी सरकार को घेरते-घेरते अखिलेश यादव ने बड़ा बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया है, जिसके बाद बीजेपी उनपर खूब हमलावर है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इसे सनातन का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख पहले भी हिंदू रीति-रिवाज एवं आस्था से खिलवाड़ करते रहे हैं। अब उनके त्योहार पर भी टीका टिप्पणी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ जहां समस्त देशवासी दिवाली के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर उत्सव मना रहे हैं, वहीं सपा प्रमुख इसको पैसों की बर्बादी बता रहे हैं। उनका बयान साफ दर्शाता है कि आप सनातन धर्म और संस्कृति के कट्टर विरोधी हैं, लेकिन भाजपा हिंदू धर्म और उनकी पवित्र आस्था के लिए हमेशा सजग और तत्पर है।

### अब्दुल्ला के बयान पर ओवैसी का पलटवार

**श्रीनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद वह जन सुरक्षा कानून लागू करेंगे। ओवैसी ने कहा कि 1978 से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में आए सभी मुख्यमंत्रियों के पास इस कानून को निरस्त करने की शक्ति थी, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया।

# उप्र में मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दीपावली विशेष अभियान के तहत आठ करोड़ की मिलावटी सामग्री जब्त

**लखनऊ।** उप्र में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा आठ से 17 अक्टूबर तक चलाए गए 'दीपावली विशेष अभियान' के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में निरंतर निरीक्षण और छापेमारी में लगभग आठ करोड़ मूल्य की मिलावटी और नुकसानदेह खाद्य सामग्री जब्त कर उसे नष्ट कर दिया गया।

दीपावली के पर्व पर स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चला कर मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। योगी सरकार का स्पष्ट मानना है कि दीपावली का पर्व केवल रोशनी और उत्सव का प्रतीक नहीं, बल्कि शुद्धता, पारदर्शिता और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रतीक भी होना चाहिए। इसी सोच के तहत मिलावट के खिलाफ यह अभियान शुरू किया गया, जो केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का लक्ष्य मिलावट-मुक्त उप्र बनाना है, जिसके लिए जिला स्तर पर प्रवर्तन दलों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डा. रोशन जैकब के निर्देशन में चलाए गए इस प्रदेशव्यापी अभियान के दौरान 6075 निरीक्षण और 2740 छापेमारी कार्रवाइयां की गईं। विभागीय टीमों ने 3767 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। कुल 3548 क्विंटल मिलावटी या संदिग्ध सामग्री जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4.97 करोड़ आंकी गई, जबकि 1871 क्विंटल नुकसानदेह सामग्री को नष्ट कराया गया, जिसका मूल्य लगभग 2.89 करोड़ है। डा. जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि जनता के स्वास्थ्य से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं। इसी के तहत दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# जमीनी तैयारी तेज करें राज्य इकाइयां: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पार्टी संगठन को मज़बूत करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मायावती ने विभिन्न राज्यों की इकाइयों से कहा कि वे जमीनी तैयारी तेज़ करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। रविवार को प्रदेश कार्यालय पर हुई आल इंडिया की बैठक में मायावती ने कहा कि देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। मायावती ने कहा कि सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं। मायावती ने कहा कि बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है। यह तभी संभव है, जब वोट की शक्ति को संगठित किया जाए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव, मोहल्लों और शहरों में जाकर लोगों से सीधा संवाद बढ़ाने और संगठन को जनाधार तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में डा. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि बीएसपी की स्थापना सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए की गई थी। यही वह मार्ग है, जिससे बाबा साहेब और कांशीराम जी का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि बीएसपी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो समाज के सभी कमजोर वर्गों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्षरत है। हरियाणा में हुई अमानवीय जातिगत घटना का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि ऐसे मामलों पर संवैधानिक संस्थाओं और सरकारों को संवेदनशील होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से जातिवादी अत्याचार रोकने और न्याय व्यवस्था को मज़बूत करने की मांग की। मायावती ने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य बहुजन समाज के करोड़ों लोगों को गरीबी और लाचारी से निकालकर उन्हें देने वाला नहीं, लेने वाला समाज बनाना है।

## अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी ने भरी हुंकार

# जहां रामभक्तों पर चलीं गोलियां, हमने दीप जलाए

**अयोध्या।**



■ पांच सौ साल का सनातन संघर्ष हम नहीं भूल सकते, कांग्रेस ने कहा था कि राम तो है ही नहीं, राम तो मिथक हैं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला का दर्शन पूजन अर्चन कर राममंदिर परिसर में दीप प्रज्जवलित किया।

मुख्यमंत्री के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव मौजूद रहे। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला राममंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया। प्रथम तल पर स्थापित रामदरबार में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राममंदिर के मुख्य द्वार के सामने स्थित स्थल पर एक दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम का स्मरण किया। श्रीराम के राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सज-धजकर तैयार है। योगी ने इस अवसर पर संतो को दीवाली का उपहार भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहे हैं। भारत के अलग-अलग कोनों से लोग रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। आज अयोध्या में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम नहीं भूल सकते हैं कि कांग्रेस ने कहा था कि राम तो हैं ही नहीं। राम तो मिथक हैं। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने गोली चलवाई थी हम दीप जला रहे हैं।

उन्होंने ताले लगवाए थे हम आस्था को आजाद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर दीया हमें याद दिलाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। सत्य की जीत ही नियति है और इसी जीत की नियति के साथ सनातन धर्म ने 500 सालों तक लगातार संघर्ष किया है। उन्हीं संघर्षों के परिणामस्वरूप अयोध्या में एक भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। दीपोत्सव स्थल पर लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। अवध विश्वविद्यालय के करीब 35 हजार वॉलंटियर दीपकों में तेल और बाती डालने का काम कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम की नगरी दीपों की रोशनी से नहाने को तैयार है, हर ओर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

### अयोध्या का दीपोत्सव शुरू, जयवीर सिंह ने झाकियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या का दिव्य भव्य दीपोत्सव शुरू हो गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित झाकियों को कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। अयोध्या के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उनके साथ झाकियों को हरी झंडी दिखाई। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रथम पड़ाव पर प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित झाकियों का अभिनन्दन किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सिंह ने कहा कि दीपोत्सव प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के अभिनन्दन का महापर्व है। लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम माता सीता भाई लक्ष्मण का स्वागत अयोध्या वासी पुष्पों की वर्षा कर करते हैं और शाम को दीपक जला कर अपनी खुशियों को प्रदर्शित करते हैं।

# 2027 में प्रजापति समाज के दीयों से जगमाएगी हर चौखट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी सरकार छीन रही प्रजापतियों का हक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दीपावली के अवसर पर बड़ा संकल्प लेते हुए कहा कि 2027 की दिवाली पर पीडीए सरकार उप्र के प्रजापति समाज के करोड़ों रुपए के दीये खरीदेगी, ताकि उनकी आमदनी इतनी बढ़े कि उनके घरों में कई महीनों तक दिवाली का प्रकाश बना रहे।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आज की भाजपा सरकार दूर के तटीय राज्यों के लोगों को यह कार्य देकर उप्र के प्रजापति समाज का हक छीन रही है। हम चाहते हैं दीया भी उप्र का हो, बाती भी, तेल भी और रोशनी भी। भाजपा दीपोत्सव के ठेकों में उप्र के लोगों की उपेक्षा करके 'दीया तले अंधेरा' करने का पाप न करे। दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची दिवाली तभी होगी, जब उसका उजाला हर घर तक पहुंचे और प्रदेश का हर मेहनतकश परिवार उस प्रकाश में अपनी खुशियां देख सके। इससे पूर्व त्यौहार को लेकर अखिलेश यादव ने कहा था कि त्योहार परस्परता के प्रतीक होते हैं। किसी की माटी, किसी का दीया, किसी का सूत, किसी की बाती, किसी का तेल, किसी की खील, किसी का कपड़ा, किसी की सिलाई, किसी का खोआ, किसी की मिठाई, किसी का खिलौना, किसी का बताशा, किसी की फुलझड़ी, किसी का पटाखा सौहार्द बचा रहेगा तो त्योहार बचा रहेगा।



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 131000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# शिखर पर शेयर बाजार, तिमाही परिणामों पर निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह पहले दो दिन की गिरावट के बावजूद प्रमुख सूचकांकों में करीब 1.7 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी देखी गई और सप्ताहांत पर वे नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों के साथ निवेशकों की नजर विदेशी कारकों, खासकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर हुई प्रगति पर भी रहेगी।

व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वहां पहुंच चुका है। गत सप्ताह पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही, जबकि आखिरी के तीन दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 1,451.37 अंक (1.76 प्रतिशत) की बढ़त में 83,952.17 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दूसरा सबसे ऊंचा बंद भाव है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 424.50 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 25,709 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान से कि भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने का आश्वासन दिया है,



भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद बढ़ी है। इसके अलावा कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणामों से भी निवेश धारणा मजबूत हुई है।

मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में साप्ताहिक तेजी और शेष आठ में गिरावट देखी गई। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 7.15 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 5.61 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 4.97, बजाज फाइनेंस में 4.54, टाइटन में 4.08 और आईसीआईसीआई बैंक में 4.6 फीसदी की बढ़त रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 3.92 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 3.73 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.99, कोटक महिंद्रा बैंक का 2.60, ट्रेंट का 2.58, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.58, आईटीसी का 2.31 और एचडीएफसी बैंक का 2.20 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### एफपीआई ने अक्टूबर में पूंजी बाजार में लगाए 21,167 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 21,167 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। लगातार चार महीने की बिकवाली के बाद एफपीआई का रुख सकारात्मक रहा है। इससे पहले सितम्बर में उन्होंने 12,571 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। खास बात यह रही कि इस महीने इक्विटी में भी उनका निवेश तीन महीने बाद सकारात्मक हुआ है। इक्विटी में उन्होंने 6,480 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। डेट में एफपीआई ने 12,475 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

### छोटी दिवाली पर सोने-चांदी के दामों में भारी उछाल

**नई दिल्ली।** रविवार को छोटी दिवाली के मौके पर देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। कुछ शहरों में तो सोने और चांदी ने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर को छू लिया है। खासकर 24 कैरेट सोने की कीमत ने 1.31 लाख प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, चांदी 1.90 लाख प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। देश के महानगरों भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,30,910 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ 1,31,010 रुपये, मुंबई, हैदराबाद, केरल और बेंगलुरु में 1,30,860 तथा चेन्नई में 1,30,910 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद में 1,72,000 रुपये प्रति किलो, भोपाल और इंदौर में 1,85,000, चेन्नई, हैदराबाद, मदुरै, केरल, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम में 1,90,000 रुपये प्रति किलो रहा। सोने की शुद्धता को पहचानने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा हॉलमार्किंग की जाती है।

# गेहूं-चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गई। वहीं चीनी और दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में मिश्रित रुख रहा।



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 60 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,834.21 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 11 रुपये महंगा होकर 2,860.50 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,312.81 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल में तीन रुपये की तेजी रही। मूंगफली तेल 90 रुपये और सोया तेल 85 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल की कीमत कमोबेश स्थिर रहा। वनस्पति की कीमत 63 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 55 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 23 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 110 रुपये और उड़द दाल 90 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी में भी 23 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7854.67 रुपये, मसूर काली 8089.33 रुपये, मूंग दाल 10084.04 रुपये, उड़द दाल 10365.18 रुपये, तुअर दाल 10415.53 रुपये प्रति क्विंटल।

# बिहार में महागठबंधन के झगड़े ने एनडीए की राह कर दी आसान!

## सीट बंटवारे को लेकर मची हुई है भारी खींचतान

**पटना।** बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर महाझगड़ा मचा हुआ है। जिस महागठबंधन ने कभी एकजुट होकर एनडीए के खिलाफ चुनाव लड़ने का वादा किया था, आज वही अब राजनीतिक गलियारे में उनका मजाक बनना शुरू हो गया है।

पहल चरण के लिए वोटिंग की तारीख नजदीक आते ही महागठबंधन में एनडीए से नहीं, बल्कि अपने गठबंधन में शामिल पार्टियों के खिलाफ उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए हैं। ऐसी संभावना है कि महागठबंध में शुरू हुई ये रेस एनडीए को फायदा पहुंचा सकती है। क्योंकि 10 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच लगभग दोस्ताना मुकाबले हो रहे हैं। जो इंडिया गठबंधन को हार की ओर लेकर जा सकते हैं। सीट बंटवारे से नाराज राजद, कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता जिन-जिन सीटों पर दोस्ताना मुकाबले कर रहे हैं, एनडीए की रफ्तार को धार मिलना तय माना जा रहा है। वैशाली, तारापुर, कुटुम्बा और अन्य प्रमुख सीटों पर राजद उम्मीदवार कांग्रेस और वीआईपी उम्मीदवारों के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं।

कांग्रेस ने जहां पहले चरण में 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, वहीं गठबंधन में शामिल दूसरे दल ऐसा करने में असफल रहे। सीट बंटवारे को लेकर अभी राजद के तेजस्वी यादव और अन्य नेताओं के बीच लगातार बातचीत जारी है, लेकिन नतीजा अभी साफ नहीं हुआ है। वहीं दूसरी तरफ वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया और वो अब सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करते हुए नजर आएंगे। मुकेश साहनी ने पहले ही महागठबंधन छोड़ने का फैसला कर लिया था, क्योंकि राजद उनकी मांगों को मानने को तैयार नहीं था। बाद में भाकपा-माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने राहुल गांधी से फोन पर बात करके मुकेश सहनी को शांत कराया।

# यूपी रोडवेज का दिवाली-छठ पर्व का तोहफा

लखनऊ, वार्ता

■ हर घंटे मिलेगी बस, कर्मचारियों की एक्स्ट्रा काम पर इंटेसिंव

त्योहारों को देखते हुए यूपी सरकार ने 18 से 30 अक्टूबर तक इंसेंटिव पीरियड घोषित किया है। इसी के तहत यूपी रोडवेज ने अतिरिक्त बसें चलाने और भीड़ वाले रास्तों पर फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का फैसला लिया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर जैसे मार्गों पर विशेष सेवाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ से कनेक्टिविटी भी मजबूत की जा रही है। मुरादाबाद जनपद त्योहारी सीजन में यात्रियों का प्रमुख ट्रांजिट पाइंट बनता है। सरकारी निर्देशों के मुताबिक यहां से लखनऊ सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी और लोड फैक्टर 60 प्रतिशत से ऊपर जाते ही तुरंत अतिरिक्त ट्रिप्स जोड़ने की व्यवस्था रहेगी। विभाग ने बस अड्डों पर डिजिटल टाइम-शेड्यूल, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और यात्री सहायता केंद्रों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। ड्राइवरों-कंडक्टरों के लिए प्रोत्साहन राशि भी तय की गई है, जिससे अतिरिक्त फेरों का संचालन सही तरीके से चलता रहे। क्षेत्रीय मांग के अनुसार देर रात तक संचालन का प्लान भी बनाया गया है। मुरादाबाद-उत्तराखंड कॉरिडोर, हल्द्वानी, काशीपुर, रामनगर रूट पर पर त्योहारों के दिनों में यात्रियों की अधिकता को देखते हुए रात तक सेवाएं बढ़ाने का विकल्प रखा गया है। सीमा से जुड़े जिलों में यह व्यवस्था भीड़ के अनुसार लागू की जाएगी, ताकि अंतिम समय में भी यात्रियों को सीट उपलब्ध हो सके। बता दें कि यूपीएसआरटीसी अतिरिक्त ट्रिप्स और भीड़ के अनुरूप शटलिंग से घंटे-घंटे की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। यात्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी रीयल-टाइम उपलब्धता देख सकते हैं। बुकिंग से पहले समय-सारिणी और सीट स्टेटस चेक करना यात्रियों के लिए फायदेमंद रहेगा।

### अनफिट बसें नहीं चलेंगी

यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार ने साफ किया है कि इंसेंटिव पीरियड में अधिकतम फ्लीट ऑन-रोड रहेगी, अनफिट बसें नहीं चलेंगी। इस दौरान भीड़ बढ़ते ही अतिरिक्त सेवाएं बढ़ाई जाएंगी। इससे मुरादाबाद से लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों को जाने में आसानी होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



















## कार्यालय-नगर पालिका परिषद पिलखुवा, जनपद-हापुड़।

पत्रांक : मीमो/2025-25 दिनांकः 17/10/2025

### 'सार्वजनिक सूचना'

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, कार्तिक पूर्णिमा एवं छठ पूजा के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद पिलखुवा शहर के सभी संभ्रांत नागरिकों से जनहित में अपील करती है कि –

1. समस्त त्यौहारो के दृष्टिगत सभी नागरिक स्वच्छता एवं सफाई पर विशेष ध्यान दें। सड़कों, नालियों, नालियों के ढक्कन और तालाबों में गंदगी व कूड़ा न डालें।
2. गीला कचरा ग्रीन डस्टबिन में, सूखा कचरा ब्लू डस्टबिन में एवं हानिकारक कचरा रेड डस्टबिन में डालें।
3. नगर की सफाई में सहयोग करें, कूड़े का पृथक्करण कर डस्टबिन या कूड़ा गाड़ी में ही डालें। अन्यथा नगर पालिका के सफाईकर्मी को दें। 03 वर्ष में कम से कम एक बार सेप्टिक टैंक की सफाई जरूर कराएं। पालिका के समस्त वार्ड ओ0डी0एफ0 प्लस प्लस व जी0एफ0सी0 स्टार घोषित है।
4. व्यक्तिगत, सार्वजनिक या सामुदायिक शौचालय का ही प्रयोग करें।
5. प्लास्टिक, थर्मोकोल और पॉलीथिन (सिंगल यूज प्लास्टिक) जैसी प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग न करें, यह दंडनीय अपराध है।
6. पानी की बचत करें, पाइप या नल खुला न छोड़ें।
7. सी एंड डी वेस्ट (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट) प्रबंधन नियमावली के नियमों का पालन करें।
8. पर्यावरण एवं स्वच्छता का ध्यान रखते हुए, प्रदूषण-मुक्त दीपावली मनाएं और इसे सामुदायिक रूप से जीरो वेस्ट एवं इको-फ्रंडली बनाएं एवं ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें।
9. नगर पालिका के सभी प्रकार के कर समय से जमा करें। संपत्ति कर के फार्म भरकर एक महीने के भीतर जमा करें। प्रिय सामानित कर दाता बिल का भुगतान निकाय की अधिकारिक वेबसाइट www.npppilkhuwa.com पर विजिट कर अथवा प्रेषित बिलो पर दिये गये क्यू आर कोड के माध्यम से सीधे भुगतान कर सकते है।
10. मिशन शक्ति 50 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करायें।
11. दहपा रोड पर स्थित पालिका के अस्थायी गौ-आश्रय स्थल में गो-सेवा हेतु स्वेच्छानुसार दान करें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।



अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

समस्त सम्मानित सभासदगण
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

विभु बंसल
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पिलखुवा



# आतिशबाजी की भी जमकर की खरीदारी

## अनार बम व फुलझड़ी रही पहली पसंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दीपावली की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी की भी जमकर खरीदारी की गई। बच्चों ने अपनी पसंद के अनार बम तथा फुलझड़ी खरीदी। जबकि बड़ों ने राकेट आदि की खरीदारी की।

दिवाली पर आतिशबाजी भी जमकर की जाती है। रात होते ही आसमान रंग बिरंगी रोशन से जगमग हो जाता है। मिनी स्टेडियम में आतिशबाजी की दुकानें लगी है। जिन पर सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ रही। बच्चे अपने परिजनों को लेकर यहां पहुचे तथा अपनी पंसद की खरीदारी की। उनकी पहली पंसद फुलझड़ी रहीं जबकि कुछ ने अनार बम खरीदें। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर परिजनों ने ऐसे आइटम दिलाये जिससे बच्चों को नुकसान न हो। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से ही बड़ी संख्या में लोग आतिशबाजी की खरीदारी करने पहुंचे। उधर सांय होते ही छोटी दिवाली पर जमकर आतिशबाजी की गई। जिससे आसमान पर अजब ही छटा दिखाई दे रही थी। लोगों ने इसका भरपूर आनंद लिया। घरों के बाहर दीपक जलाकर माता लक्ष्मी को आमंत्रित किया गया।

### पूर्व संध्या पर दुल्हन की तरह सजा अमरोहा, बाजार में रही भीड़

# दिवाली पर आज हर घर जलेगा खुशी का दीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिवाली को लेकर लोगों में अपार उत्साह है। इस दिन भगवान कुवेर, माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की विधिवत पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की जायेगी। लोग एक दूसरे के घर दीप जलाकर खुशी मनायेंगे। पर्व संध्या पर लोगों ने पूजा का सामान व घरों को सजाने के लिये झालर की जमकर खरीदारी की।

सोमवार को दीपावाली का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसे लेकर लोगों में खास उत्साह है। इस दिन वह एक दूसरे के घर जाकर दीप जलाकर दीपावली की मुबारकबाद देंगे। हर तरफ इस त्योहार को लेकर रोनक दिखाई दे रही है। छोटी दिवाली से ही घरों को सजाने का काम पूरा हो गया। सांय के समय नजारा देखते ही बन रहा था। अधिकांश घरों के बाहर रंगबिरंगी झालरें मकानों की शोभा बढ़ा रही थी। जिनकी छटा देखते ही बन रही थी। हर कोई दिवाली का उत्साह पूरे उत्साह से मनाने के लिये उताबला दिखाई दे रहा है। नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ समेत अधिकांश धार्मिक स्थलों को मनमोहक रूप से सजाया गया है। रात होने पर यहां रंग बिरंगी रोशन का जश्न खूब मनाया गया। इस दिन लोग एक दूसरे के घर मिठाई बांटकर दिवाली की मुबारक. बाद देते है। नगर में सारा दिन यहीं हाल रहा। रिश्तेदार व पड़ौसियों ने दिवाली की पूर्व संध्या पर सभी गिले सिकवे दूर कर एक दूसरे को बधाई दी। आज हर घर खुशी के दीप जलाये जायेंगे। दिवाली से कई दिन पहले ही कुम्हार दीये को बनाने का काम शुरू कर देते है। क्योकि इस पर्व पर अधिकांश घरों में मिट्टी के दीपक जलाये जाते है। इस कारण कुम्हार भी अपने काम में कई दिन पहले से जुट जाते है। उधर दिवाली की पर्व संध्या पर बाजार में सुबह से ही चहल पहल दिखाई दे रही थी। हर कोई घरों को मनमोहक रूप से सजाने के लिये झालरों व अन्य सामान की खरीदारी करने में जुटा रहा। लोगों ने अपने स्तर से इस दिन को यादगार बनाने के लिये सभी अपने घरों को मनमोहक रूप से सजाया। दिवाली पर भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, व कुबेर की पूजा आराधना करने का चलन है। बाजार में इनकी मूर्तियों की भरमार है। लोगों द्वारा आज पूजा स्थल को मनोहारी रूप से सजाकर उस पर दीप प्रजवलन कर प्रभु व माता से परिवार की सुख सृद्धि की कामना की जाती है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी स्वयं आज के दिन अपने भक्तों को दर्शन देने आती है। यहीं कारण है कि घरों को सजाने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। इसके अलावा घर में आरती भी की जाती है। जिसमें परिवार की सभी लोग हिस्सा लेते है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## आरोपी व मां के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** शादी का झांसा देकर उन्नाव की युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रात भर घर में रोकने के बाद आरोपी ने बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उन्नाव जिले की रोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का आरोप है कि 18 अक्तूबर की दोपहर दो बजे आनंद विहार स्टेशन पर उसकी मुलाकात डिडौली निवासी सुनीता व उसके बेटे कन्हैया से हुई थी। बातचीत के दौरान सुनीता ने युवती को अपने बेटे कन्हैया से शादी कराने का झांसा दिया और फिर दोनों बहला-फुसलाकर युवती को अपने साथ घर ले आए। आरोप है कि रात में घर रोकने के बाद कन्हैया ने युवती के साथ दुष्कर्म किया तथा बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में सुनीता व उसके बेटे कन्हैया के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज करने की बात कही।

# दीपावली पर लाइसेंस के नाम पर लूट

## तहसील में भ्रष्टाचार की छुपी आतिशबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के लिए लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोपों ने त्योहार की रोशनी पर काला साया डाल दिया है। स्थानीय आवेदकों ने आरोप लगाया है कि तहसील कार्यालय में आवेदन जमा करते समय उनसे ६500 से ६1000 तक की अवैध वसूली की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस वसूली के बदले कोई रसीद प्रदान नहीं की जा रही, जिससे स्पष्ट होता है कि यह धन सीधे निजी जेबों में जा रहा है।

आवेदकों का कहना है कि सरकार एक ओर भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था और 'जीरो टॉलरेंस' का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर त्योहारों पर भी आम लोगों को राहत नहीं, बल्कि लूट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यथा व्यक्त की कि दीपावली जैसे पर्व पर जब लोग रोजगार के लिए छोटे-छोटे स्टॉल लगाना चाहते हैं, उसी समय उन पर आर्थिक बोझ थोपना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस आरोप की पुष्टि के लिए जब तहसील प्रशासन का पक्ष जानने हेतु तहसीलदार मूसाराम थारू से संपर्क साधा गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। प्रशासन की यह चुप्पी सवाल खड़े करती है कि क्या वास्तव में नियमों की आड़ में उगाही हो रही है? यदि यह शुल्क वैध है, तो उसके लिए रसीद क्यों नहीं दी जा रही? स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस मामले की जांच की मांग की है, ताकि दीपावली का त्योहार न्याय और विश्वास की रोशनी में मनाया जा सके, न कि भ्रष्टाचार के अंधकार में खो जाए। यह घटना एक गंभीर प्रश्न छोड़ती हैख्क्या दीप जलाने का पर्व व्यवस्था की अंदरूनी रोशनी भी जगाएगा, या अंधेरा यूं ही कायम रहेगा



मंडी धनौरा। दीपावली पर आतिशबाजी की दुकानों से खरीदारी करते लोग।

# चार मजदूरों की मौत से दीवाली पर छाया मातम

## घर लौटते हादसे का हुए शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दीपावली पर घर लौट रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर टिपलर की जोरदार भिड़ंत पिकअप से हो गई। चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गये। शवों के घर पहुंचने पर मातम पसर गया।





कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर निवासी अखिलेश पुत्र अंतराम उत्तराखंड के खटीमा में बिजली की ठेकेदारी करते थे। शनिवार को अखिलेश मजदूरों के साथ ट्रैक्टर टिपलर में बैठकर दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए घर को लौट रहे थे। रास्ते में सामने से मुर्गो से भरकर आ रही पिकअप से जोरदार भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर टिपलर पलट गया जिससे शीशपाल पुत्र महावीर आयु (35) वर्ष अखिलेश पुत्र अंतराम आयु (26) वर्ष के अलावा जनपद संभल के दो अन्य मजदूरों की भी मौके पर मौत हो गई। अखिलेश खटीमा में बिजली की ठेकेदारी करते थे। अभी उनकी शादी नहीं हुई थी। शीशपाल की 9 माह पहले शादी हुई थी। जैसे ही दोनों युवको की मौत की खबर गांव पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। दोनों की मौतों के होने से गांव में मातम छा गया। जैसे ही शीशपाल व अखिलेश के शव गांव पहुंचे तो वहां चीख पुकार मच गई। शीशपाल की पत्नी लक्ष्मी के हाथों की मेहंदी भी अभी ठीक से फीकी नहीं पड़ी थी कि कुदरत ने उसे इतना बड़ा गम दे दिया। पति की मौत होने से लक्ष्मी गश खाकर पीछे को गिरकर बेहोश हो गई।गमगीन माहौल में दोनों के शवो का अंतिम संस्कार गंगा के तिगरी घाट पर कर दिया गया।विनय कुमार ने मामले में अदालत की शरण ली। मुकदमे की सुनवाई प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलो. कन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने मनोज कुमार रस्तोगी को छह महीने कारावास की सजा सुनाई तथा दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कारोबारी विनय कुमार को 9.90 लाख रुपये देने तथा दस हजार रुपये की राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

# दीपावली पर बाजारों में उमड़े लोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला।** दीपावली के अवसर पर बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। खेल-खिलौने, गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति, पूजन सामग्री, मिठाई, झालर, सजावट का सामान खूब बिका। मिठाई की दुकान पर देर शाम तक ग्राहकों की लाइन लगी रही। रविवार सुबह से ही बाजार में भीड़ नजर आने लगी। गजरौला ब्लॉक के साथ गांव के बाजार में भी भीड़ नजर आई। दोपहर तक बाजार में रौनक हो गई। मिट्टी के दीये, झालरें, मोमबत्ती, फूल माला, किराना, मिठाई आदि दुकानों पर जबरदस्त भीड़ रही। दीये, मोमबत्ती पैकेट खूब बिके। इलेक्ट्रानिक्स बाजार में खासी भीड़ दिखी। 50 रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक की झालरों की बिक्री हुई। वहीं ब्रांडेड और स्टाइलिश सामानों की भी धूम रही। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के मैदान में लगी आतिशबाजी की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही। रविवार की शाम के वक्त घरों में छोटी दीपावली की पूजा अर्चना की गई। रात के समय रंगीन झालरों व बल्वों से घरों की सजावट देखने लायक हो रही थी।। वहीं दीपावली पर्व पर लोग त्यौहार मनाने अपने घर गए, इस कारण बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ रही

## मेले में बिजली की लाइन खिंची

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में रविवार को बिजली ठेकेदार ने पोल गड़वाकर केबिल खिंचवाने का काम शुरू कराया तो वहीं चाहरदीवारी के लिए टीन फिनसिंग का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। उसके लिए श्रमिकों ने बल्लियां आदि लगानी शुरू कर दी हैं। तिगरी गंगा मेले में इस समय तैयारियों समय से पूरा कराने के लिए प्रशासन का खासा जोर है। गंगा रोड के साथ साथ सेक्टरों की सड़कों पर भी श्रमिक काम कर रहे हैं। मनोरंजन क्षेत्र में झूले तैयार हो रहे हैं। रविवार को मेला क्षेत्र में बिजली ठेकेदार ने श्रमिकों ने पोल गड़वाकर केबिल व तार खिंचवाए। डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं एसडीएम विभा श्रीवास्तव द्वारा लगातार मेले की मॉनीटरिंग की जा रही है। मेले में चारों कोनों तक किसी प्रकार का अंधेरा न रहे, इसलिए बिजली ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि मुखय बाजारों के साथ साथ श्रद्धालुओं के शिविरों (तंबुओ) तक बिजली की व्यवस्था रहे।

# चैक बाउंस मामले में छह महीने की सजा

## दस लाख का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चेक बाउंस के मामले में अदालत ने छह महीने कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। दोषी ने नौ लाख रुपये के उधार लेकर बदले में चेक दिया था जो खाते में धनराशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया था।

मामला शहर के मोहल्ला गशितयान से जुड़ा है। यहां कारोबारी विनय कुमार बाहेती का परिवार रहता है। मोहल्ला मंडी चौक के रहने वाले मनोज रस्तोगी से उनके पारिवारिक संबंध थे। जरूरत बताकर मनोज रस्तोगी ने विनय कुमार से नौ लाख रुपये उधार लिए थे। बदले में इतनी ही धनराशि का चेक दे दिया था। रकम साल 2017 से 2019 के बीच दी गई थी। इसके बाद विनय कुमार ने जब अपने रुपयों का तकादा किया किया तो मनोज रस्तोगी आनाकानी शुरू कर दी। बाद में कोरोना के चलते लॉक डाउन का बहाना बनाकर टाल दिया। 26 दिसंबर 2022 को विनय कुमार जब मनोज रस्तोगी की दुकान पर गए तो उन्होंने एक चेक दे दिया। लिहाजा, मनोज कुमार रस्तोगी की सहमति से विनय कुमार ने नौ लाख रुपये की धनराशि अपने नाम से भर ली। बाद में चेक को बैंक ऑफ बड़ोदा के खाते में लगा दिया लेकिन खाते में इतनी धनराशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पीड़ित विनय कुमार ने मामले में अदालत की शरण ली। मुकदमे की सुनवाई प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने मनोज कुमार रस्तोगी को छह महीने कारावास की सजा सुनाई तथा दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कारोबारी विनय कुमार को 9.90 लाख रुपये देने तथा दस हजार रुपये की राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

### एक नजर

## तंवर ने दिया योगी को तिगरी आने का न्यौता



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर विकास कार्यो के लिए धन मुहैया कराने तथा गंगाधाम तिगरी में लगने वाले ऐतिहासिक मेले में आने का निमंत्रण दिया। लखनऊ में सांसद कंवर सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को जिले में कराये जा रहे विकास कार्यो के बारे में विस्तार से बताया तथा धन अभाव में जो योजनाएं लम्बित हैं उनके लिए धन आवंटित करने का अनुरोध किया। जबकि तिगरी में लगने वाले विशाल गंगा मेले में आने का भी निमंत्रण दिया। सीएम ने सांसद कंवर सिंह तंवर को भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में विकास कार्य नहीं रूकेंगे।

## हादसे में मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** देर शाम रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पपसरा में 18 अक्टूबर को पुताई के काम के दौरान गंभीर हादसा हुआ। मोहम्मद अली उर्फ भोला का भाई माहिर (21) ऊपर से गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घायल को तुरंत अमरोहा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां से मुरादाबाद रेफर किया गया। रास्ते में ही माहिर की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मृतक तीन भाईयो में तीसरे नंबर का था।

# बुखार की चपेट में आकर छात्रा की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बुखार की चपेट में आकर कक्षा 11 की छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की मौत से परिवार में को. हराम मचा है।

तहसील क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां निवासी जितेंद्र प्रजापति की 17 वर्षीय बेटी अंशु प्रजापति कई दिन से बुखार से पीड़ित थी। परिजनों के द्वारा लगातार उसका उपचार चल रहा था। अचानक शनिवार को अंशु की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने द्वारा तत्काल उसे नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेरठ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेरठ जा रहे थे।जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। अंशु की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। देर रात गमगीन



माहौल में छात्रा के शव का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक मृतक अंशु दो भाइयों मनोज व दीपक में सबसे बड़ी थी। वह आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर पर कक्षा 11 की छात्रा थी। छात्रा की मौत से मां गीता भाई दीपक और मनोज समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बैंकेट हाल से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र में खुशी के माहौल के बीच एक घटना ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को चौंका दिया। तहसील के निकट स्थित एक बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी दिलशाद सलमानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे शनिवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। बाइक को हॉल के बाहर खड़ा किया था, लेकिन जब रात में लौटे तो बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने बताया कि मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। बैंक्वेट हॉल प्रबंधन ने सफाई दी कि बिजली फिटिंग के कारण कैमरे चालू नहीं थे। काफी देर तक आसपास तलाशने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने थाने का रुख किया।

# अम्बेडकर मार्ग बंद करने पर फूटा लोगों का गुस्सा

## चेयरमैन के खिलाफ जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अम्बेडकर पार्क वाले मार्ग को उखाड़कर बंद करने के विरोध में लोगों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार के समय इस मार्ग को बंद करने से उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होने चेयरमैन के खिलाफ भी नाराजगी व्यक्त की।

आजाद रोड स्थित अम्बेडकर पार्क के समीप स्थित रोड को नगर पालिका द्वारा उखाड़ दिया गया है। इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आज इसके विरोध में उनका गुस्सा फूट पड़ा तथा उन्होंने नगर पालिका के खिलाफ हंगामा किया। उनका कहना था कि इस समय त्योहार का समय चल रहा है। इस समय परिचित व रिश्तेदार एक दूसरे के घर बधाई देने आते है। लेकिन रास्ता बंद होने से भारी परेशानी हो रही है। भैयादूज पर बहन, बेटियां मायके आकर त्योहार मनाती हैं। उन्होंने नगर पालिका के खिलाफ आक्रोश जताते कहा कि जल्द से जल्द इस मार्ग को सुचारू कराया जाये ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। यदि ऐसा न हुआ तो वह इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका यह भी कहना था कि वह कई बार चेयरमैन से इसकी शिकायत भी कर चुके हैं परन्तु उनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## फौजी के घर दबंगों ने की फायरिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** फौजी के घर में घुसकर दबंगों ने गालियां दीं। विरोध करने पर फायरिंग की। जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के हाशमपुर गांव में अमरपाल सिंह फौजी का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक गांव को ही रहने वाला मनोज कुमार ने घर पर आकर गालियां दीं। इसके बाद 12 अक्तूबर की रात मनोज कुमार ने फिर घर आकर गलियां दी। विरोध करने पर फायरिंग की। जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना कमरे में कैद हो गई। घटना के बाद से फौजी मानसिक रूप से परेशान है। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## कक्षा 11 की छात्राओं ने जीती प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्राओं ने पहला स्थान हासिल किया। कौशल्या देवी बलवंत सिंह इंटर कालेज में दिवाली के मौके पर कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें सभी ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। लेकिन कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली की सभी ने जमकर सराहना की। उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मोमराज सिंह ने सभी बच्चों को दिवाली की मुबारकबाद दी। इस मौके पर एसओ विकास कुमार, चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी, राहुल कुमार व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मारपीट में महिलाओं समेत सात घायल

## मेढ़ को लेकर चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** हसनपुर। मेंढ़ के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने से तीन महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गये

रविवार को खेत पर मेंढ को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कहा सुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। जिसमें जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान एक पक्ष से उमेश, नेपाल, शीतल, रामकुवर, मुन्नी तथा दूसरे पक्ष से रमजीमल प्रकाशों घायल हो गये। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उमेश एवं मुन्नी की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है जांच पड़ताल की जा रही है।

## रंगोली उत्सव से दिवाली का स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में रंगोली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर देश की संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। गांव मालीखेड़ा उर्फ शाहवाजपुर स्कूल में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक रंगों, फूलों व दीयों से रंगोली बनाकर देश की संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। प्रधानाचार्य अजरा नकवी ने कहा कि दिवाली खुशहाली व उजाले का पर्व है। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें भाइचारे की सीख देते है। हमें पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इन्हें मनाना चाहिये। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# मामूली विवाद में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

## पिता पर भी चाकू से कई वार कर किया घायल, पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** किरठल गांव में रविवार को हमलावरों ने 18 साल के युवक की चाकू से हत्या कर दी, जबकि उसके पिता को चाकू मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। गालीगलौज होने पर वारदात को अंजाम दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मौके पर ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

किरठल गांव निवासी अर्जुन ने बताया कि शनिवार रात वह अपने भाई अनिकेत के साथ कोल्हू के लिए बल्ली लेकर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही चार-पांच युवक खड़े मिले, जिन्होंने गाली गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने किसी तरह मामला शांत कराया और अपने घर आ गए व अपने पिता अमित को घटना की



मृतक का फाइल फोटो

जानकारी दी। बताया कि रविवार सुबह अनिकेत के पिता अमित धमकी देने वालों के घर विरोध जताने गए तो उनके साथ गाली गलौज कर हमला कर दिया गया। शोर सुनकर अनिकेत अपने पिता को बचाने पहुंचा तो हमलावरों ने अनिकेत के सीने में चाकू घोंप दिया। उसके पिता अमित पर भी चाकू से कई वार किए गए। अनिकेत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता अमित को मोहल्ले के लोगों ने बचाकर



अस्पताल भेजा। अमित की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# एएसपी व सीओ ने दीपावली पर्व को लेकर शहर में किया पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने विशेष पहल की है। शनिवार रात एएसपी प्रवीण कुमार चौहान और क्षेत्राधिकारी श्रेष्ठा ठाकुर ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बा बागपत में पैदल गश्त की। इस दौरान अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का आश्वासन दिया।

पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना था। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और निवासियों से बातचीत की तथा सुरक्षा संबंधी सुझाव भी आमंत्रित किए। इसी अभियान के तहत, मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार क्षेत्र में मौजूद महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आत्मरक्षा के तरीके, पुलिस सहायता नंबर और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। एएसपी प्रवीण कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस गश्त अभियान से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बना है।



# आईएमए की तरफ से दीपावली महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में दीपावली पर्व पर रविवार को आईएमए की तरफ से दीपावली महोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें नगर के जाने माने चिकित्सकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसमें अध्यक्ष डा.संजय जैन सचिव डा.पंकज कुमार कोषाध्यक्ष डा.राकेश जैन ने कार्यक्रम की सहराना की। इस मौके पर नगर के जाने-माने डा.नीरज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर नवनियुक्त सचिव डा.



पंकज कुमार ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर समय-समय पर ऐसे सम्मान समारोह करते रहना चाहिए। कार्यक्रम को सभी चिकित्सकों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डा.अनिल जैन डा. शुभम जैन डा.सुधा रानी के अलावा काफी संख्या में चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया।

# दीपावली पर्व पर जरूरतमंद को मिठाइयां और उपहार किए वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने दीपावली के पावन अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच मिठाइयां और उपहार वितरित किए। पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर इन परिवारों के साथ खुशियां साझा कीं, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देशन में बागपत पुलिस त्योहारों को लेकर लगातार अलर्ट है। इसी कड़ी में पुलिस की यह दरियादिली सामने आई है, जहां वे लगातार जरूरतमंदों तक पहुंच रहे हैं। इस पहल की काफी प्रशंसा हो रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बागपत पुलिस जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क है, वहीं उसकी यह सकारात्मक पहल लोगों में खुशी ला रही है। जरूरतमंद लोग इस सहयोग से काफी प्रसन्न महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना की है।



बागपत पुलिस ने जरूरतमंदों को मिठाइयां और उपहार भेंट कर उनके साथ दीपावली मनाने में पूरा सहयोग किया है।

## एक नजर

### खुरपका-मुंहपका बीमारी का प्रकोप जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ढ़िकोली गांव में पिछले डेढ़ माह से खुरपका-मुंहपका बीमारी का प्रकोप जारी है, जिसके कारण 20 से अधिक पशुओं की मौत हो चुकी है। इससे पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित पशुपालकों में लटूर सिंह, वीरेंद्र, रविंदर ढाका, आदेश ढाका, पप्पू फौजी, चंद्रपाल ढाका, जोगिंदर प्रधान, कुलदीप ढाका, संजय, सनी और बिटटू पहलवान जैसे ग्रामीण शामिल हैं। इन पशुपालकों का दावा है कि बीमारी से उनके लगभग 20 पशुओं की जान जा चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार, कुछ दिन पहले पशुपालन विभाग की एक टीम गांव आई थी, लेकिन केवल औपचारिक जांच के बाद लौट गई। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने न तो बीमारी की रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम उठाए और न ही मृत पशुओं के मुआवजे या बीमारी की गहन जांच की कोई व्यवस्था की। पशुपालकों ने बताया कि पशुओं की मौत से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है। कई परिवारों की आजीविका पूरी तरह पशुपालन पर निर्भर करती है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से गांव में एक विशेष जांच टीम भेजने की मांग की है। उन्होंने पशुओं की मौत के कारणों का पता लगाने और प्रभावित पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की अपील की है। हालांकि, ढ़िकोली की पशु चिकित्सक नेहा ने बताया कि गांव में फिलहाल खुरपका-मुंहपका की बीमारी नहीं है। उनके अनुसार, एक या दो पशुओं की मौत किसी अन्य बीमारी से हो सकती है और गांव में टीकाकरण अभियान चलाया गया है।

# बिजली घर की मशीनों में लगी भीषण आग, विद्युत आपूर्ति ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के खेकड़ा कस्बे में पाठशाला रोड स्थित बिजली घर में ओवरलोड के कारण आग लग गई। इस घटना से बिजली घर की मशीनें जल गईं और पूरे खेकड़ा कस्बे में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

आग लगने के बाद मशीनों से घना धुआं निकलने लगा और लपटें करीब 15 फीट तक ऊंची उठने लगीं। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से विद्युत विभाग को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। घटना के बाद से ही विद्युत आपूर्ति ठप है। विद्युत विभाग के अधिकारी आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल करने में जुटे हुए हैं। दीपावली से ठीक पहले हुई इस घटना से स्थानीय लोगों को काफी



परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है ताकि त्योहार पर उन्हें बिजली मिल सके।

# ओमवीर ने किया वीर जवान को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दोघट कस्बे के भारतीय वायुसेना जवान सोनू पंवार को सम्मानित किया गया। है। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उत्तर प्रदेश योजना आयोग के पूर्व सलाहकार व पूर्व राज्य मंत्री ओमवीर सिंह तोमर ने देश की सुरक्षा में पराक्रम दिखाने वाले इस वीर जवान को सम्मानित किया। इस अवसर पर ओमवीर सिंह तोमर ने कहा कि दोघट जैसे छोटे कस्बे से निकलकर देश की सीमाओं पर दुश्मनों को धूल चटाने वाले सोनू पंवार पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने सोनू के पिता और सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय शीशपाल सिंह पंवार के निधन पर परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में विशाल तोमर, महिपाल, रणवीर, सत्यवीर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की दी विस्तृत जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत महिला थाना बागपत की मिशन शक्ति टीम ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान, मिशन शक्ति टीम ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा किया और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने बताया कि महिला थाने में एक विशेष केंद्र स्थापित किया गया है, जहाँ महिलाओं से संबंधित समस्याओं का समाधान पूरी गोपनीयता और संवेदनशीलता के साथ किया जाता है। छात्राओं को



महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में सूचित किया गया। उन्हें साइबर क्राइम, ईव टीजिंग, घरेलू हिंसा और सामाजिक उत्पीड़न से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई, ताकि वे आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त, छात्राओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से स्कूल और कक्क्लेज परिसरों में सघन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर, मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वासी बनने और किसी भी समस्या का सामना करने पर चुप न रहकर उचित माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

# बिहार चुनाव में होगी एनडीए की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खैला गांव में एक कार्यक्रम मे शिरकत करने पहुंचे उर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि बिहार चुनाव मे एनडीए की जीत होगी। वही महागठबंधन की बिहार में हार निश्चित है।

खैला गांव में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे उर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने प्रेस वार्ता में कहा कि बिहार चुनाव मे नितिश कुमार की सरकार बनेगी वहा एनडीए की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन अभी तक बिहार में सीटो का बंटवारा तक नही कर पाया है। वहा गंठबंधन नही ठगबंधन है। बिहार की जनता विकास के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मां के लिए अशब्द बोलने वाले को बिहार की जनता



कभी माफ नही करेगी। बिहार में महागठबंधन की हार निश्चित है। वही एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इस मौकें पर मनुपाल बंसल, बब्लू, सतवृत आर्य, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाजारों में घूमकर एसपी ने परखी सुरक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** त्योहारों को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिले में एकाएक ही सतर्कता बढ़ा दी गई है। विशेष निगरानी के बीच सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

इसी कड़ी में शनिवार देर रात एसपी ने शहर का दौरा किया। आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज जैसे प्रमुख त्योहारों के चलते जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मुख्य बाजारों, सर्राफा मार्केट, सब्जी मंडी एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पैदल मार्च के दौरान एसपी अमित कुमार आनंद ने दुकानदारों व आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया। वहीं, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं के समुचित प्रबंधन को लेकर सीओ व शहर कोतवाल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर पैदल गश्त, बाजार निरीक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि तत्योहारों के दौरान अमरोहा पुलिस द्वारा सतर्कता एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान, रात्रिकालीन गश्त तथा बाजारों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जा रही है, जिससे आमजन निर्भीक होकर त्योहारों को शांति व सौहार्द के वातावरण में मना सकें।

# सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रिवर पार्क के पास हुए एक सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मेरठ के सरधना निवासी 25 वर्षीय निशांत के रूप में हुई है, जो दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर ट्रक चालक के रूप में कार्यरत था। निशांत अपने साथी मोहित के साथ बाइक पर सवार होकर बागपत की ओर आ रहा था। रिवर पार्क के निकट उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में निशांत गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने निशांत को मृत घोषित कर दिया। मोहित की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने निशांत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में बाइक के अनियंत्रित होकर फिसलने को हादसे का कारण माना जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। मृतक निशांत दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर के निर्माण कार्य में ट्रक चालक के तौर पर कार्यरत था। हादसे की सूचना पर मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# मिशन शक्ति अभियान जनजागरूकता कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महिला सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना छपरौली पुलिस निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में रविवार को थाना छपरौली क्षेत्र के ग्राम रठौड़ा पुलिया पर मिशन शक्ति टीम ने एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान, क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से वाहन चेकिंग की गई। पुलिया से गुजर रहे दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। मौके पर संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों और शोहदों से पूछताछ कर उन्हें महिला सुरक्षा को लेकर सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस टीम ने स्पष्ट किया कि छेड़छाड़, अभद्रता या महिलाओं को परेशान करने की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मिशन शक्ति टीम ने



अभियान के दौरान मार्ग से गुजर रही महिलाओं और बालिकाओं से भी संवाद स्थापित किया। उन्हें सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल संपर्क कर सकती हैं। टीम ने उन्हें साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी और सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों से सतर्क रहने की भी सलाह दी। टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इसमें महिला समृद्धि योजना, वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना, कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शामिल थीं। अभियान के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने घरेलू हिंसा, रास्तों पर मनचलों की समस्या और साइबर अपराध जैसी चिंताएं व्यक्त कीं। मिशन शक्ति टीम ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी तथा क्षेत्र में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आज मनाया जाएगा दीपावली का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दीपों का पर्व दीपावली आज 20 अक्टूबर को सोमवती अमावस्या एवं स्व नक्षत्र में उच्च के वृहस्पति के अत्यंत शुभ संयोग के साथ पूर्ण हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा तथा प्रदोष काल में लक्ष्मी-गणेश का मुख्य पूजन कर सुख, शान्ति, समृद्धि की कामना कर आतिशवाज़ी किया जाएगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि पर्व का प्रारम्भ 20 अक्टूबर को सुबह 5.10 पर चंद्रोदय के साथ सूर्योदय तक रूप चौदस अभ्यंग स्नान के साथ होगा उसके बाद हनुमान ज़ी का पूजन व पितरों का पूजन कर अपरान्ह 3.45 बजे से अमावस्या तिथि लगते ही अलग अलग लग्न, चौड़िया के अनुसार प्रतिष्ठान पूजन आरम्भ हो जाएगा अमावस्या तिथि 21अक्टूबर सायं 5.54 तक रहेगा निर्णय सिंधु ग्रंथ अनुसार कार्तिककृष्णचतुर्दश्यां प्रभाते चन्द्रोदये कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को प्रात:काल चन्द्रोदय अर्थात् - अभ्यंग स्नान में चन्द्रोदय-कालिनी चतुर्दशी ग्रहण करे। चतुर्दशी तिथि 19 अक्टूबर दोपहर 1.51 से 20 अक्टूबर अपरान्ह 3.44 तक है तथा 20 अक्टूबर को चंन्द्रोदय सुबह 5.10 बजे से है अत: चंन्द्रोदय युक्त चतुर्दशी तिथि प्राप्त होने से रुप चतुर्दशी अभ्यंग स्नान 20 अक्टूबर को सुबह 5.10 से सूर्योदय तक होगा इससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है नरक की प्राप्ति नहीं होती है तथा लक्ष्मी की कृपा भी बनी रहती है। अभ्यँाग स्नान - प्रात: 5.10 बजे से सूर्योदय तक दीपावली पूजन श्रेष्ठ मुहूर्त- प्रदोष काल प्रतिष्ठान 20 अक्टूबर 2025, सोमवार सायं 5.44 बजे से 7.19 बजे तक मेष लग्न, चल चौाड़िया प्रतिष्ठान के साथ घर पर श्रेष्ठ पूजन मुहूर्त सायं 7.05 बजे से रात्रि 9.01 बजे तक वृषभ स्थिर लग्न, निशीथ काल व स्थिर लग्न रात्रि पूजन मुहूर्त रात्रि 11.38 बजे से 12.29 तक तथा देर रात्रि 1.36 बजे से 3.53 तक सिंह लग्न शुभ चौघड़िया विशेष शुभ दीपावली पर प्रतिष्ठान पूजन 21 अक्टूबर को भी सुबह 9.13 बजे से दोपहर 1.27 तक अलग अलग कार्य के लिए अलग शुभ लग्न मुहूर्त में भी किया जा सकता है। श्री गणेश -लक्ष्मी जी मूर्ति, वस्त्र, रोली, कलावा, पान, सुपारी, अबीर, बुक्का, जनेऊ, सिंदूर, हल्दी, शहद, देशी घी, कर्पूर, पंचमेवा, खील बतासा,गोला, खिलौना, गाय का दूध, दही, धुपबत्ती, इत्र, कमलगट्टा माला,हल्दी की माला, गुलाब, कमल पुष्प, दूर्वा कौड़ी, गोमती चक्र, धनिया, मिष्ठान, फल, गंगाजल, आम का पत्ता दीपावली पर्व पर घर के दरवाजे व घर के अंदर के साथ साथ मंदिर, कुआँ, वृक्ष तुलसी, बेल, शमी आदि चौराहा, गौशाला, निर्जन स्थान नदी या तालाब के पास भी दीपक जलाना चाहिए।



# अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1.5 लाख रुपये की कीमत के 5 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं पटाखे/विस्फोटक पदार्थ बेचने/भण्डारण करने वालों के विरू चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक युवक को ठण्डी सड़क से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से करीब 1.5 लाख रुपये की कीमत के 5 कार्टून अवैध पटाखे बरामद हुए हैं। आरोपी की पहचान सागर पुत्र राजेश निवासी मौ. अहाताबस्तीराम कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



# पुलिस ने लूट करने वाले तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने ग्राम परतापुर में हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के आभूषण, नकदी व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम पर चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाने के मुक. दमा अपराध संख्या 538/2025 धारा 309(4), 305, 331(4) बीएनएस का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को जटपुरा कट के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से सोने की दो बाली, 1,500 रुपये नकदी व घटना में प्रयुक्त सैन्ट्रो कार बरामद की है। पुलिस ने मुताबिक आरोपियों की पहचान श्याम पुत्र राजेन्द्र, कपिल पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड और अमर पुत्र रमेश निवासी लोधीपुर थाना हापुड देहात जनपद हापुड व हाल पता अशोक विहार थाना लोनी जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# कच्ची शराब की धरपकड़ के लिए ड्रोन का सहारा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मेले के नजदीक आते ही खादर क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने वाले सक्रिय हो जाते हैं। मेले पर कच्ची शराब की मांग अधिक बढ़ जाती है। अवैध शराब की धरपकड़ के लिए गढ़ कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देश पर खादर क्षेत्र के जंगल में ड्रोन कैमरे से निगरानी की।

एसपी ज्ञानंज्य सिंह पिछले दिनों को मेला स्थल दर क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने पुलिस को खादर क्षेत्रों में अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस मामले में किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके आदेश का पालन करते हुए अवैध शराब की तस्करी रोकने के टीम गठित कर अभियान चलाया गया। वहीं खादर क्षेत्र और जंगलों में अवैध शराब की खेप और कच्ची शराब की भट्टियों की ड्रोन से तलाश कराई गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने पुलिस टीम के साथ मिलकर जांच की। हालांकि इस दौरान कुछ नहीं मिल सका है।




# अवैध पटाखों का भंडारण करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने अवैध पटाखों का भण्डारण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 कार्टून अवैध पटाखे बरामद किए है।

देहात प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले और बेचने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और उनकी धर पकड़ कर अवैध पटाखों को ज़ब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले एक युवक को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 3 कार्टून अवैध पटाखे बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिर के आधार पर सूचना मिली थी कि थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला भीम नगर में अवैध पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए कृपाल सिंह पुत्र स्व. मोहर सिंह निवासी मौहल्ला भीमनगर थाना हापुड देहात जनपद हापुड के कब्ज़े से अवैध पटाखे बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक ने दीपावली पर बाजार में पटाखे को बेचने के लिए उनका भंडारण किया हुआ था। पुलिस ने छापेमारी करते हुए अवैध पटाखों का भंडारण करने वाले युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



# पटाखा बाजार का पुलिस ने किया निरीक्षण, जांचें लाइसेंस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पुलिस इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने नगर के आर.के. इंटरनेशनल स्कूल ग्राउंड में लगा पटाखा बाजार की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और अग्नि सुरक्षा मानकों का जायजा लिया, साथ ही अवैध भंडारण या बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। हरेंद्र सिंह ने निरीक्षण के दौरान पटाखा विक्रेताओं को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों और पर्याप्त रोशनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन करने पर जोर दिया। सिंह ने फायर सर्विस कर्मियों को सतर्क रहने, किसी भी आकस्मिक घटना पर त्वरित कार्रवाई करने और आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान आग लगने की संभावनाएं अधिक होती हैं, इसलिए टीम को पूरी तरह अलर्ट रहना चाहिए।

# दीपावली को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट



**शाह टइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन में आगामी धनतेरस और दीपावली के त्योहार को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट है। चौकी इंचार्ज व पुलिस टीम ने नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।धनतेरस और दीपावली के पर्व पर मैन बाजार,होली चौक और श्री राम जानकी चौक अन्य जगह पर शक्ति से लोगों और वाहनों की चेकिंग की। इसे लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

पुलिस की टीम दिनभर बाजारों में घूमकर संदिग्धों पर नजर रख रही है। संदिग्ध लगने पर पुलिस रोककर उनसे पूछताछ कर रही है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

## दो की हालत गंभीर, डाक्टरो ने मेरठ के अस्पताल में किया रेफर









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मेरठ मार्ग पर ब्लॉक परिसर के सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया है।

रविवार देर शाम परीक्षितगढ़ मेरठ मार्ग पर ब्लॉक परिसर के सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को सीएचसी पर पहुंचाया। जहां विक्रांत प्रशांत निवासी ग्राम मारकपुर थाना भावनपुर, रोहित ग्राम सियाल थाना भावनपुर व एक अन्य युवक मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें विक्रांत व रोहित की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं सभी घायलों के परिजनों को सूचना दी जा रही है कोई भी युवक अभी तक सही बात बताने की स्थिति में नहीं है।

# सर्व समाज को लेकर चलेंगे साथ: कर्मवीर गुमी

## सपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत, एक मंच पर आए कई दिग्गज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जेल रोड स्थित समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो मुझ पर विश्वास किया है उसमें मैं खरा उतरूंगा।

उन्होंने कहा की समाजवादी पार्टी के समस्त कार्यकर्ता का में सम्मान करूंगा और जो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पीडीए के कार्यक्रम चल रहे हैं वह हर गांव हर मोहल्ले, हर वार्ड में व ब्लॉकों में कार्यक्रम लगातार चलते रहेंगे और पीडीए को मजबूत करने के लिए सर्व समाज को पार्टी से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे। उन्होंने मंच के माध्यम से कहा कि सपा ने उन्हे जिलाध्यक्ष बनाया है वह अभी से ही पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर उनसे कोई गलती हो गई तो वह अपने दिल में न रखे तुरंत मुझसे संपर्क कर मामले को संज्ञान ले लें। कार्यकर्ता एक होंगे तभी 2027 में सपा की सरकार बनेगी। हमें एक भेदभाव मिटाकर काम करना होगा। इस दौरान मंच पर असीन विधायकों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किठौर विधायक शाहिद मंजूर, शहर विधायक रफीक अंसारी, सरधना विधायक अतुल प्रधान, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, धीरेन्द्र गुमी, राष्ट्रीय महासचिव नीरज पाल, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, पूर्व विधायक प्रभु दयाल वाल्मीकि, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह, हाजी इसरार सैफी, मनोज चपराना, मुद्रुला यादव, नवाजिश मन्जूर, अमित शर्मा, अहतेशाम इलाही, फाजिल खान आदि रहे।





# नाबालिग से छेड़खानी करने वाला आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग लड़की को एक युवक द्वारा छेड़खानी करना भारी पड़ गया। लड़की के पिता ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया।

थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्र ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया आरोपी की पहचान उज्जवल उर्फ गोल्डी पुत्र अशोक कुमार जानी खुर्द के रूप में हुई। वहीं नाबालिग लड़की ने बताया कि रोज आते-जाते वह उससे छेड़खानी करता था। काफी तंग आकर ही है उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि छेड़खानी करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा सभी स्कूल कॉलेज के पास पुलिस पैकेट की व्यवस्था कर दी गई है।

# जयंत व चारु चौधरी को दिवाली की मुबारकबाद देने दिल्ली पहुंचे रालोद नेता रणबीर दहिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** रविवार को केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और उनकी पत्नी चारू चौधरी को दिवाली की मुबा. रकबाद देने के लिए प्रदेश महासर्. चव रणबीर दहिया दिल्ली पहुंचे। उन्होंने चौधरी परिवार को दीपावली की मुबारकबाद दी।

जयंत चौधरी ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया वहीं जयंत चौधरी ने कहा कि सिवाल खास विधानसभा के रोहटा में जो सदस्यता अभियान का प्रोग्राम रणबीर दहिया के नेतृत्व में हुआ है वह काबिले तारीफ है पिछले काफी समय से रणबीर दहिया सदस्यता अभियान चलाकर राष्ट्रीय लोकदल की जड़े मजबूत कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल ही एक ऐसी पार्टी है जो किसान व गरीबों की मसीहा है वहीं जयंत चौधरी ने उनकी पीठ थपथपाई और कहा कि उनके दादा चौधरी चरण सिंह का सपना पूरा हो रहा है। पार्टी देश भर में फैल रही है राष्ट्रीय लोक दल आज एक मजबूत पार्टी बन चुकी है जो देश के युवाओं को आकर्षित कर रही है।



# लावड़ में धड़ल्ले से बिक रहे अवैध पटाखे

**पुलिस नहीं कर रही कोई कार्रवाई, पहले पकड़ा फिर छोड़ा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** दिवाली के मौके पर लावड़ कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर मैंन बाजार में अवैध पटाखों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है और आसपास क्षेत्र के काफी संख्या में गांव के लोग अवैध पटाखों को खरीद कर यहां से ले जा रहे हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। आपको बता दें कि प्रदेश में अवैध पटाखों की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। लेकिन लावड़ में मुख्य मार्ग पर ही भारी मात्रा में खुलेआम बिक्री की जा रही है। शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे मुख्य मार्ग पर एक टाटा 407 गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध पटाखे लाए गए और मुख्य मार्ग पर ही एक दुकान में उन्हें उतारा जा रहा था तभी स्थानीय पुलिस के साथ-साथ इंचौली थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए और उन्हें पकड़ लिया। लेकिन कुछ देर बाद ही थाना प्रभारी वहां से चले गए और पुलिस ने सांठगांठ कर अवैध पटाखों से भरी गाड़ी को मौके से हटा दिया। वहीं रविवार की शाम को लावड़ चौकी पुलिस मैंन बाजार में अवैध पटाखों की बिक्री कर रहे कुछ लोगों व पटाखों को लेकर चौकी आ गई। बताया जाता है कि पुलिस ने कुछ देर बाद ही बिना कोई कार्यवाही किए उन्हें छोड़ दिया ओर साथ ही अवैध पटाखों को भी वापिस दे दिया। इस तरह पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है आखिर पुलिस अवैध पटाखों का कारोबार करने वाले लोगों पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। आखिर पुलिस किसके दबाव में काम कर रही है ये एक अपने आप में सवाल खड़ा कर रहा है।





# कार में गैस रिफिलिंग करते समय लगी भयंकर आग

- गैस डालने वाला बुरी तरह से झुलसा, तीन कारें जली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** छोटी दीपावली पर रविवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। कस्बे की गुलशन नगर बस्ती में ईको कार में गैस रिफिलिंग करते समय आग लग गई, जिसमें रिफिलिंग करने वाला टू झुलसा ही तीन इको कारें भी जल गईं, कारों में आग लगते ही बस्ती में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

पिछले कई सालों से कस्बे की गुलशन नगर बस्ती में विशाल किराना स्टोर के स्वामी जितेन्द्र उर्फ छोटे लाल वाहनों में गैस रिफिलिंग करता आ रहा था, रविवार को भी गैस डलवाने के लिए कई ईको कारें वहां पहुंची थीं, जितेन्द्र उर्फ छोटे लाल दोपहर के समय रोड पर ही अपनी दुकान के सामने उनमें गैस रिफिलिंग कर रहा था कि किसी तरह उसमें आग लग गई, जो धमाके के साथ दूसरी कार, फिर तीसरी कार में भी आग लग गई। कारों से उठती लपटों से समूची बस्ती में हड़कंप मच गया। पहले तो बस्ती के लोगों ने अपने-अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने की को. शिश की, लेकिन आग बुझने के बजाए और तेजी पकड़ती गई।

किसी ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी, जिस पर आनन-फानन पहुंची फायर बिग्रेड कर्मियों ने पानी की बौछार से आग पर काबू पाया। कारों से उठती आग की चपेट में आकर गैस रिफिलिंग करने वाला दुकानदार भी झुलस गया। वाहनों में गैस डालने का अवैध कारोबार पिछले कई सालों से चल रहा है, जिसकी न तो फायर बिग्रेड को भनक लग सकी और न ही चौकी पोलिस को। बस्ती के लोगों ने बताया कि जब कभी भी इसका विरोध किया जाता था तो यह लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाता था।

गैस रिफिलिंग करने वाले जितेन्द्र उर्फ छोटे लाल की पत्नी कल्पना ने बताया कि वह कहीं चले गए हैं। फायर बिग्रेड कर्मियों के साथ ही घटना स्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी के घर से 19 सिलेण्डर भी बरामद किए हैं जिनमें कुछ खाली थे और कुछ भरे थे।

## मोटी कमाई का है यह कारोबार

कहने को तो तहसील क्षेत्र में अग्नि शमन केंद्र की स्थापना की जा चुकी है, लेकिन यह विभाग इस मामले में बहुत ही लापरवाह है। विभाग का काम सिर्फ और सिर्फ आग बुझाना रह गया है, कहां गैस का अवैध कारोबार हो रहा है इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

वर्तमान समय में दीपावली का पर्व चल रहा है, इस विभाग को पटाखा बेचने वालों को लाइसेंस बनवाने के लिए अपनी जांच आख्या देनी होती है, जिसमें बेचारा विभाग पूरी मेहनत और लगन से लगा हुआ है।

## कोतवाली में जमा किए सिलेण्डर

गैस रिफिलिंग करने वाले के घर से बरामद किए गए सभी 19 सिलेंडरों को कोतवाली पुलिस लाकर जमा कर दिया गया है। इस मामले में समाचार लिखे जाने तक किसी के खिलाफ कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी थी।

## कस्बे में कई जगह होता है यह धंधा

वाहनों में गैस रिफिलिंग करने का यह कारोबार सिर्फ यहीं गुलशन नगर में नहीं हो रहा है, यह कारोबार कस्बे के साथ ही आसपास के गांव में भी होता है, जिसकी भनक पुलिस के साथ ही विभाग को भी है, लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूरी होती है।

## एक नजर

# भाभी से अश्लील बातों का विरोध करने पर दबंग ने देवर पर चाकू से किया हमला, उंगली कटकर अलग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के रहने वाले कमलेश कुमार की भावी को लेकर गांव का ही एक दबंग दो दिन पहले अश्लील बातें कर रहा था, जिसका उसने विरोध किया। विरोध किए जाने पर दबंग ने कमलेश कुमार के साथ गन्दी-गन्दी गालियां देने के साथ ही चाकू से हमला कर दिया। अपने को कमलेश ने चाकू से बचाया जिसपर चाकू उसके हाथ में लगा, जिससे उसके एक हाथ की एक उंगली कटकर अलग जाकर गिरी।

कटी उंगली लेकर कोतवाली पहुंचे कमलेश कुमार को पुलिस ने तत्काल ही नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने अलग हुई उंगली के जुड़ने से साफ इंकार कर दिया। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद रविवार को तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे कमलेश कुमार ने घटना की नामजद तहरीर पुलिस को देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

# बाजार से गायब हुई तीन वर्ष की बच्ची खोजकर पुलिस ने परिवार से मिलाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को दोपहर एक तीन वर्षीय बच्ची कस्वे के सीमा बाजार में लावारिश हालात में मिली। जिसकी सूचना व्यापारियों द्वारा थाना शीशगढ़ पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मिशन शक्ति प्रभारी एस आई काजल कौशल अपनी टीम के हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप चौधरी,महिला कर्मी शबनम, भावना मौके पर पहुंची। उनके द्वारा बच्ची को कब्जे में लेकर कस्वा शीशगढ़ के मोहल्लों में जगह-जगह बच्ची को दिखाते हुए परिवार को तलाश करने का प्रयास किया।

मासूम बच्ची अपने माता पिता का नाम भी नहीं बता पा रही थी इसी दौरान बच्ची के पिता इमरान व माता सना निवासी मदनापुर अपनी बच्ची को ढूंढते हुए बाजार में मिले।बच्ची उन्हें देखकर चिपक गई तथा अपनी बच्ची का नाम हुमैरा बताया।जिसके बाद पुलिस ने बच्ची को उसके माता पिता को सौंप दिया।

उन्होंने बताया कि बाजार में भीड़ होने के कारण बच्ची उनसे बिछड़ गई थी। बच्ची को पाकर माता पिता के चेहरे खिल गए अपनी बच्ची को सकुशल पकड़ उन्होंने पुलिस को धन्यवाद किया।

# चतुरमुखी दीप जलाकर मनाई गई नरक चतुर्दशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** दीपावली पर्व के ठीक एक दिन पहले मनाई जाने वाली नरक चतुर्दशी को छोटी दीवाली, रूप चौदस और काली चतुर्दशी भी कहा जाता है। मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के विधि-विधान से पूजा करने वाले व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है।

नरक चतुर्दशी के दिन चतुर्मुखी दीप का दान करने से नरक भय से मुक्ति मिलती है। चार मुख (चारलौ) वाला दीप जलाकर इस मंत्र का उच्चारण करना चाहिये।

**"दत्तो दीपश्वचतुर्देश्यां
नरकप्रीतये मया।
चतुर्वर्तिसमायुक्तः
सर्वपापापनुत्तये "**

नरकचतुर्दशी के दिन नरक के अभिमानी देवता की प्रसन्नता के लिये तथा समस्त पापों के विनाश के लिये चार बत्तियों वाला चौमुख दीप जलाना चाहिए। इस दिन सौंदर्य रूप श्रीकृष्ण की पूजा करनी चाहिए।

नरकासुर के मारे जाने की खुशी में लोगों ने दीवाली से एक दिन पहले ही घी के दीपक जलाकर छोटी दीवाली मनाई थी, तब से आज तक रात को नरक चौदस छोटी दीवाली के रूप में मनाए जाने की परम्परा है।

इसी दिन भगवान ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी थी, तथा भगवान के वामन अवतार की भी पूजा की जाती है। वहीं श्रीराम परिवार सेवा समिति सेंथल द्वारा कैलेंडर वितरण कर लोगों से दीपावली पर श्री गणेश लक्ष्मी पूजन के साथ प्रभु श्रीराम का पूजन करने का भी आग्रह किया गया। विहिप जिला अध्यक्ष बाबूराम गंगवार व जिला मंत्री अविनाश मिश्रा द्वारा दीपावली शुभकामना सन्देश भी वितरण किये गये। बाजारों में भी श्री गणेश लक्ष्मी जी की मूर्ति, कैलेंडर के साथ दिए झाड़ू, मोमबत्ती, झालर, पटाखों की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आयी।

# उर्स ए बशीरी व मंजूरी का पोस्टर हुआ जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** 79वें सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी का पोस्टर रविवार को जारी कर दिया गया। पोस्टर जारी होते ही दरगाह शरीफ पर उर्स की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दो रोजा उर्स 16 व 17 नवम्बर को आयोजित होगा।

यहां नगर के मोहल्ला शेखूपुर में आस्ताने आलिया मंजूरिया जामिया गौसिया बशीरी उलूम में 79वां सालाना दो रोजा उर्स 16 17 नवम्बर को आयोजित होगा। रविवार की सुबह दरगाह कमेटी ने दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी का पोस्टर जारी कर दिया। उर्स के तमाम कार्यक्रम सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां की निगरानी में होंगे। पोस्टर जारी होने के दौरान मौलाना सय्यद नूरी मियां, सय्यद सिब्तैन मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, मौलाना मोहम्मद आरिफ रजवी, मौलाना हसन रजा मरकजी, कारी मुहम्मद ताहिर फैजानी, हाफिज चांद बाबू, हाफिज अनीस, कफील नेता, फैजुल मुस्तफा, मौलाना रफीकुल कादरी आदि मौजूद रहे।

# बाजार में खरीददारी कर रही महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज: 5 के तहत महिला पुलिस कर्मियों द्वारा बाजार में खरीददारी करने आई महिलाओं को जागरूक करते हुए उनको आत्मसुरक्षा के गुण बताए।

महिला पुलिसकर्मी शबनम एवं भावना ने आज दीपावली के अवसर पर बाजारों में खरीददारी करने आई महिलाओं को जागरूक किया समझाया कि वह किस तरह अपनी आत्म सुरक्षा करें। कैसे अपना बचाव करें विमान 1090 वो मैंन पावर लाइन,1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,108, आपात कालीन पुलिस सेवा,181वो मैंन हेल्प लाइन,1930 साइबर हेल्प लाइन, 1098, चाइल्ड लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी समझाया कि कभी भी कोई परेशानी हो तो तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर काल करें तुरंत मदद मिलेगी।

# कमिश्नर व डीएम ने दीपावली की दीं शुभकामनाएं व बधाई

- आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने का पर्व है दीपावली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दीपावली के पावन अवसर पर कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने मण्डल वासियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कमिश्नर ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीपावली त्योहार रोशनी का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला त्योहार है। सभी लोग इसे अपने परिजनों के साथ खुशियों के साथ मनाएं।

डीएम अविनाश सिंह ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की बधाई देते कहा कि यह पर्व एक-दूसरे के प्रति स्नेह और सहयोग की भावना को बढ़ाने का त्योहार है। इस अवसर पर सभी लोग अपने परिवार और सहयोगियों के साथ मिलकर खुशियां बांटें, और अपने चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा फैलायें। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें व अपनी निगरानी में पटाखों को छुड़ायें, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाएं।

# बरेली में एक और दो नवंबर को होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

- डीआईजी ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस भर्ती परीक्षाएं एक और दो नवंबर को आयोजित की जाएंगी। प्रशासन ने इन परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली हैं। हजारों अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे, जिसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि एक नवंबर को कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए की परीक्षा होगी। इसके लिए शहर में 15 केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 6960 अभ्यर्थी शामिल होंगे। दो नवंबर को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पदों के लिए परीक्षा होगी, जिसमें 13 केंद्रों पर करीब 6000 परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस प्रभारी, नियंत्रण कक्ष प्रभारी और एक फिस्किंग टीम तैनात रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था में 15 निरीक्षक, 76 उपनिरीक्षक, 15 हेड कांस्टेबल, 124 आरक्षी, 45 महिला आरक्षी और 15 अभिसूचना इकाई के पुलिसकर्मी शामिल होंगे।

शहर को परीक्षा सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक तीन केंद्रों पर एक सेक्टर अधिकारी (क्षेत्राधिकारी) की नियुक्ति की गई है, जो लगातार निगरानी करेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों का सत्यापन और व्यवस्थाओं की जांच पूरी कर ली गई है। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और नकलमुक्त परीक्षा संपन्न कराने का आश्वासन दिया है।

# थाना प्रभारी आशुतोष ने दीपावली की दीं शुभकामनाएं व बधाई

- बच्चों को अपनी निगरानी में पटाखे छुड़वाने की अपील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दीपावली के पावन अवसर पर देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीपावली त्योहार रोशनी का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला त्योहार है।

थाना प्रभारी ने सभी से अपील की कि वे इस त्योहार को अपने परिजनों के साथ खुशियों के साथ मनाएं और एक-दूसरे के प्रति स्नेह और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का अवसर है, और सभी को अपने परिवार और सहयोगियों के साथ मिलकर खुशियाँ बांटनी चाहिए। आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र वासियों को सुरक्षा को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें और उनकी निगरानी में पटाखे छुड़वाएं, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाएं। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं, और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। दीपावली के अवसर पर थाना प्रभारी की ओर से की गई इस पहल की क्षेत्र वासियों ने सराहना की है। लोगों ने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के इंतजाम करना और लोगों को जागरूक करना एक सराहनीय कदम है।

# सेंथल में आतंक का पर्याय बन गए हैं बंदर और कुत्ते



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक मचा हुआ है, लेकिन संबंधित लोग आंख मूंदे बैठे हैं।

यह आवारा कुत्ते झुंड की शक्ल में कस्बे की सड़कों पर हर समय पसरे दिखाई दे सकते हैं, जिसकी वजह से स्कूली छात्र और छोटे बच्चे तो रास्ता ही त्याग देते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात के वक्त लोगों को उठानी पड़ती है, यह कुत्ते बीच सड़क पर पसर जाते हैं, कभी ऐसा भी होता है जब बिजली नहीं होती है तो रास्ता चलने वालों का पैर इन कुत्तों पर पड़ जाता है, और यह कुत्ते उन्हें काट लेते हैं। यही दिक्कत बंदरों को लेकर भी सामने है।

बंदरों के दल एक छत से दूसरी छत पर तो कभी लोगों के घरों में भी घुसकर खाने की वस्तुएं उठाकर भाग जाते हैं।

आज सुबह एक महिला अपने किचन में नाश्ता बना रही थी और किचिन का दरवाजा खुला था कि इसी बीच बंदरों का झुंड किचिन में घुस गया, महिला चीखती हुई बाहर भागी और बंदर खाने की वस्तुएं लेकर भाग गए।

यह घटना किसी एक घर की नहीं बल्कि अनेक घरों की है। लोगों को अपने घर में रहना दुश्वार हो गया है, लेकिन जिम्मेदार लोग लंबी तानकर सो रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष का ध्यान जरूर इधर गया और उन्होंने कस्बा वासियों की परेशानी पर गौर किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि दीवाली के बाद बंदर पकड़ने वाली टीम को बुलाकर बंदरों को पकड़वाया जाएगा।

# युवक ने बैंक प्रबंधक और कर्मचारी पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एक युवक ने यूपी ग्रामीण बैंक के प्रबंधक और एक कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का कहना है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत ऋण आवेदन करने पर उसे परेशान किया गया, आवेदन निरस्त किया गया और शिकायत वापस न लेने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने शिकायत का फर्जी निस्तारण भी करा दिया।

थाना देवरनियां के गांव गिरधरपुर निवासी मो. शहवाज ने बताया कि उन्होंने 16 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपये के ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद बैंक के प्रबंधक और कर्मचारी ने उनसे दस्तावेज मांगे और सर्वे के लिए घर आए। शहवाज का आरोप है कि मैनेजर ने मशीनरी और कपड़ा दिखाने के लिए कहा, जबकि योजना के तहत यह राशि मिलने के बाद ही खरीदा जाना था। जब पीड़ित युवक ने प्रबंधक और कर्मचारी की मनमानी की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल और जिलाधिकारी से की, तो दोनों बौखला गए। आरोप है कि प्रबंधक ने एक कर्मचारी को शहवाज के घर भेजा और धमकी दी कि अगर शिकायत वापस नहीं ली तो झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा देंगे।

शहवाज द्वारा शिकायत वापस न लेने पर प्रबंधक और कर्मचारी ने कथित तौर पर एलडीएम बरेली को गुमराह करते हुए शिकायत का फर्जी निस्तारण करा दिया। युवक का कहना है कि एलडीएम बरेली ने जो आख्या पत्र पोर्टल पर अपलोड किया है, वह उन्हीं के कार्यालय का है, जबकि उनके कार्यालय से किसी भी तरह की कोई जांच नहीं की गई। जांच आख्या में बैंक का कोई पत्र भी संलग्न नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि बैंक के प्रबंधक और कर्मचारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक बरेली को गुमराह करके शिकायत का फर्जी निस्तारण कराया है। युवक ने मुख्यमंत्री, डीएम और एलडीएम बैंक को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# पुलिस ने अभिषेक हत्याकांड का किया खुलासा

- चार आरोपी गिरफ्तार, जिनको नामजद किया, वह निर्दोष निकले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में 15 अक्तूबर की रात रजऊ परसपुर निवासी अभिषेक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। वहीं हत्या के मामले में नामजद किए गए आरा. पी बेकसूर निकले। उन्हें छोड़ दिया गया है।

थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने अभिषेक हत्याकांड का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है। 15 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर में मेले के दौरान अभिषेक कुमार पुत्र रामकिशन पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में अभिषेक को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रामकिशन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुता. बिक अभिषेक के दोस्त घायल विकास पुत्र लालाराम निवासी बहादुरपुर ने बताया कि घटना के दिन वह अपने साथियों अभिषेक, प्रमोद और बब्लू के साथ मेला देखने गया था। शराब की दुकान पर दीपक, गोपी, हुकुम सिंह और रौनक नाम के युवकों से उनका विवाद हो गया था। इसी रंजिश में इन युवकों ने रजऊ परसपुर मेले के पास हाईवे पर अभिषेक और विकास पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे अभिषेक की मौत हो गई और विकास घायल हो गया था। पुलिस की तफ्तीश में आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र ईश्वरी प्रसाद, हुकुम सिंह पुत्र लाल सिंह, रौनक पुत्र शेर सिंह और गोपी पुत्र ईश्वरी प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। घटना में नामजद किए गए आरोपी बेदाग साबित हुए और उन्हें थाने से ही छोड़ दिया गया।

# करंट लगने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नहाने के बाद छत पर नंगे पैर गए युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। अचानक से युवक की मौत के बाद मोहल्ले के लोग गमगीन है। परिजनों ने रात में ही युवक को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

किला थाना क्षेत्र के जसौली मोहल्ले में निवासी तसलीम घर के नीचे ही किराने की दुकान चलाते हैं। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात 9 बजे वह नहाकर छत पर नंगे पैर चले गए। छत पर लगे जाल पर पैर रखते ही वह करंट की चपेट में आ गए। परिवार के लोग उन्हें आनन फानन में डाक्टर के पास लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने कार्रवाई की बात न कहते हुए रात में ही उन्हें मोहल्ले के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया। तसलीम की मौत के बाद परिवार के साथ मोहल्ले के लोग भी गमगीन है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रका. शित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# दीपावली पर्व के दृष्टिगत संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम को पटाखा निर्माताओं व पटाखा विक्रेताओं हेतु जारी एवाइजरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने दीपावली पर्व के दृष्टिगत संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पटाखों के एडवाइजरी का पालन कराये जाने के सम्बंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

उन्होंने बताया कि पटाखा निर्माण इकाइओं में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा निर्गत एडवाइजरी जारी की गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी में पटाखा निर्माताओं हेतु एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है कि केवल लाइसेंस प्राप्त इकाइयों द्वारा ही पटाखों का निर्माण किया जाएगा तथा अवैध रूप से संचालित इकाइयों पर कार्यवाही की जाये। निर्माण इकाईयों में फायर अलार्म सिस्टम एवं अग्निशमन उपकरणों, रेत तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। धूम्रपान, मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित किया जाए। सभी कर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए एवं सुरक्षा वर्दी पहनना अनिवार्य किया जाए।

कच्चे रासायनिक पदार्थों अथवा ज्वलनशील/विस्फोटक पदार्थों का भंडारण नियमानुसार निर्धारित मात्रा में और अलग-अलग स्थान पर किया जाए। तैयार पटाखों की पैकिंग व परिवहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार ही किया जाए।

निर्माण इकाई हवादार एवं प्रकाश युक्त हो तथा उसमें पर्याप्त खुला स्थान हो। बिजली के तारों और उपकरणों की नियमित रूप से जांच की जाती रहे। पटाखा निर्माण इकाइयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाये।

निर्माण इकाई में कार्यरत कर्मचारियों/श्रमिकों को अग्नि दुघर्टना से सुरक्षा-बचाव हेतु जागरूक किया जाये। अग्नि दुघर्टना से सुरक्षा-बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाये। निर्माण इकाई में कार्यरत कर्मचारियों/श्रमिकों से निर्धारित अवधि तक ही काम लिया जाना सुनिश्चित किया जाये व किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस (101) या आपातकालीन नंबर (112) पर संपर्क कर सूचना दी जाए। इसी क्रम में पटाखा विक्रेताओं हेतु जारी एडवाइजरी में निर्देश दिए गए हैं कि केवल वैध लाइसेंसधारी विक्रेता द्वारा ही पटाखों की बिक्री किया जाएगा। दुकानें खुले मैदान तथा हवादार स्थानों पर लगाया जाना चाहिए। दुकान में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियाँ तत्काल प्रयोग के लिये हर समय उपलब्ध रहना चाहिए। दुकान के आसपास धूम्रपान या खुली आग का प्रयोग पूर्णतः वर्जित किया जाए। ज्वलनशील पदार्थों (तेल, पेट्रोल, गैस आदि) के पास पटाखों को न रखा जाए। ग्राहकों को पटाखों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दिया जाए। दुकानों के आस-पास भीड़ को नियंत्रित रखा जाना और व्यवस्था बनाए रखें। दुकानों में अच्छी गुणवत्ता के तथा बिना कटे/छिले बिजली के तारों का प्रयोग किया जाए। दुकान में घूम्रपान निषेध व खुली आग निषेध बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस (101) या पुलिस (112) पर सूचना दें। इसके अतिरिक्त जारी की गई सुरक्षा एडवाइजरी में निर्देश दिए गए हैं कि किसी दुर्घटना/आपात स्थिति में सभी विक्रेता व निर्माता द्वारा अपने कर्मचारियों को त्वरित निकासी प्रक्रिया की जानकारी दिया जाए। किसी दुर्घटना के कारण पीड़ित/घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने हेतु चिकित्सा व्यवस्था किया जाए। पटाखों की मजबूत पैकिंग तथा सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जाए। पटाखों को किसी भी ज्वलनशील पदार्थ/ईंधन अथवा गैस के साथ न रखा जाना एवं खराब या नमी वाले पटाखे सुरक्षित तरीके से नष्ट किया जाना सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

# स्कॉलर स्कूल रामपुर के विद्यार्थी स्कूल प्रबन्धन के साथ वृद्धा आश्रम में बुंजुर्गो को वितरित किए फल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्कॉलर स्कूल रामपुर के विद्यार्थी स्कूल प्रबन्धन के साथ ताशका स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने वहाँ रह रहे बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की और उनके अनुभवों को सुना।

विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था।




बच्चों ने वृद्धजनों को फल, बिस्किट और दैनिक उपयोग की वस्तुएँ भेंट कीं। आश्रम के संचालक ने स्कॉलर स्कूल की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ बुजुर्गों को भावनात्मक संबल देती हैं।

विद्यालय की प्रिंसिपल ने कहा कि "हम अपने विद्यार्थियों को केवल शैक्षिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ना चाहते हैं। इस दौरे से बच्चों ने प्रेम, सेवा और आदर का महत्व समझा।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और भविष्य में फिर मिलने का वादा किया।

इस मौके पर स्कूल प्रबंधन एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# डॉ0 भीमराव अंबेडकर फुटबाल टूर्नामेंट में एसआर रॉयल और दिनेश पुर ने फाइनल में किया प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर में मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में एसआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डॉ0 भीमराव अंबेडकर आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में एसआर रॉयल क्लब टांडा ने टाइगर क्लब टांडा से मैच बराबर रहने के बाद पैनाल्टी शूट के माध्यम से 4-3 के गोल के अंतर से मैच जीता।श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार से रॉयल क्लब के पवन कुमार को मुख्य अतिथि हाजी मुशर्रफ अली द्वारा दिया गया।मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के हाजी मुशर्रफ अली के साथ आशीष वर्मा, सलीम कसगर और हाजी अली प्रिंस ने दोनों टीमों से परिचय ले कर मैच शुरू कराया।




दूसरे सेमीफाइनल मैच में दिनेशपुर उत्तराखंड ने यंगमैन क्लब टांडा से 1-0 से मैच जीता। मैच में मुख्य अतिथि युवा नेता, समाज सेवी डाक्टर आजम ने अपने पैनल के साथ दोनों टीमों से परिचय ले कर मैच शुरू कराया। दिनेशपुर के खिलाडी विवेक कुमार को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मुख्य अतिथि डाक्टर आजम द्वारा दिया गया।

एसआर रॉयल क्लब टांडा और दिनेश पुर उत्तराखंड की टीमें फाइनल में पहुंच गई हैं। त्यौहारों के सीजन के कारण अवकाश है।अब फाइनल मैच 24 अक्टूबर शुक्रवार को होगा।

रेफरी अजीत कुमार, लाइन मैन राहत अली, मु० उसामा, सगीर गुड्डू व शहाबुद्दीन रहे। स्कोरर की भूमिका मोईन खान टाण्डवी ने निभाई।

कमेंटेटर मु० .सईद सागर, जहीर जिया और महफूज मुन्ना रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हाजी मुशर्राफ अली, डॉक्टर आजम, आशीष वर्मा,सलीम कसगर, अली, मु० रईस ,हाजी मुशाहिद, दीपक कुमार अम्मार ,टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष कारी रिजवान, अमीर अहमद, उबैस प्रिंस, अब्दुर्रज्जाक आदि मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न और धोखाधड़ी का मामला, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** थाना टाण्डा क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न और धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। पीड़िता नाजमा, पत्नी शमसुद्दीन, निवासी मोहल्ला पुराना बाजार टाण्डा ने पुलिस अधीक्षक को एक तहरीर सौंपकर अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नाजमा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी शादी 26 नवंबर 2024 को मुस्लिम शरीयत के अनुसार शमसुद्दीन पुत्र हाजी मोहम्मद फारुख, निवासी मोहल्ला मनिहारान थाना टाण्डा, के साथ हुई थी। शादी में नाजमा के परिवार ने 8 लाख रुपये नकद, 7 तोला सोना/जेवरात और लगभग 3 लाख रुपये का दहेज सामान दिया था। इसके बावजूद, शमसुद्दीन और उनके परिवार वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। शादी के अगले दिन से ही पति शमसुद्दीन, जेठ अब्दुल रऊफ, जेठानी आसमा उर्फ गुलशन, देवर मोहम्मद मंसूर और देवरानी तबस्सुम उर्फ बेबी ने कम दहेज के ताने देकर नाजमा से बुलेट मोटरसाइकिल और 5 लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर नाजमा के साथ मारपीट, गाली-गलौज और खाने-पीने जैसे रोजमर्रा के खर्चों में तंग किया जाने लगा। नाजमा को बाद में पता चला कि शमसुद्दीन की इससे पहले भी शादी हो चुकी थी,पहली पत्नी को भी वह दहेज के लिए तंग करता था और उसका तलाक हो चुका था। 3 अक्टूबर को शमसुद्दीन और उनके परिवार वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर नाजमा के साथ मारपीट की और उसे मायके छोड़ दिया। उसी दिन शमसुद्दीन ने नाजमा के भाई मसरूर की पत्नी महरवा को बहला-फुसलाकर 18 तोला सोना और 1.60 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गया। शमसुद्दीन ने नाजमा को धमकी दी कि जब तक वह बुलेट मोटरसाइकिल और 5 लाख रुपये नहीं देगी, वह उसे वापस नहीं ले जाएगा और महरवा को अपनी पत्नी बनाकर रखेगा।

नाजमा के भाई ने अपनी पत्नी को ले जाने की शिकायत थाना टाण्डा में दर्ज कराई है, जिसके बाद शमसुद्दीन को अपने भाई और भाभी का पूरा समर्थन मिल रहा है। नाजमा ने शमसुद्दीन को एक हेकड़ी, सरकश और धोखेबाज व्यक्ति बताया, जिसके कृत्यों से उनका और उनके भाई का परिवार बर्बाद हो रहा है।

नाजमा ने इससे पहले 8 अक्टूबर को भी थाने में शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने शमसुद्दीन, अब्दुल रऊफ, आसमा उर्फ गुलशन, मोहम्मद मंसूर और तबस्सुम उर्फ बेबी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

# बच्चों ने दिया इको फ्रेंडली दिवाली मनाने का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड शाखा में कक्षा प्री नर्सरी से 12 वीं तक के बच्चों ने दीपावली का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। कक्षा प्री नर्सरी से केजी तक के बच्चों ने रंगीन परिधानों में सुसज्जित होकर मां लक्ष्मी का पूजन किया। छोटे-छोटे बच्चों ने मिट्टी के दिए सजाए और मिट्टी से छोटे-छोटे बर्तन बनाकर सभी का मन मोह लिया।

बच्चों के द्वारा की गई इस प्रकार की गतिविधि ने पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चों ने रंग- बिरंगे वंदनवार और सुंदर-सुंदर कंदील भी बनाई। इस प्रकार की गतिविधि में कक्षा के सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से भाग लिया, जिससे अनेकता में एकता का संदेश भी मिलता है। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के चारों हाउस के मध्य निर्धारित की गई थी । जिसमें अधिकतम



बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने दिवाली स्पेशल फायरलैस मिष्ठान प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें निर्णायक की भूमिका विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में एथिक्स हाउस के बच्चों ने पोषक तत्वों से भरपूर और आकर्षक मिठाईयां बनाकर सभी का मन जीत लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ निर्मल कौर ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इस त्यौहार को मनाने के कारणों पर भी प्रकाश डाला।

विद्यालय के ट्रस्टी डॉ परविंदर सिंह सैहमी और प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने भी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह त्यौहार ही व्यक्ति को एक दूसरे से जोड़े रखने का माध्यम हैं। इसलिए हंसी-खुशी मिलजुल कर प्रत्येक त्यौहार को मनाना चाहिए। संपूर्ण कार्यक्रम के संचालन में अध्यापिकाओं अंकिता मित्तल, मनिका मिश्रा, लोकेश गंगवार, श्वेता गॉड, रेनू भट्ट एवं रजनी आदि ने विशेष भूमिका निभाई जिसका दिशा निर्देशन अध्यापिका आयुषी दीक्षित द्वारा दिया गया।

# मेडिकल स्टोर में कूमल लगाकर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** मुरसैना चौराहे पर देर रात अज्ञात चोरों ने मेडिकल स्टोर में पीछे से कूमल लगाकर लाखों रुपए की नकदी साफ कर दी।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला अजीम नगर थाना क्षेत्र के मुरसैना चौराहे का है। हकीमगंज गांव निवासी शाहनवाज का चौराहे पर मेडिकल स्टोर है। शनिवार रात किसी समय अज्ञात चोरों ने पीछे से दुकान मे कूमल लगा दिया।

दुकान के अंदर आए चोरो ने मेडिकल स्टोर की दराज तोड़ ली। चोरों ने दराज में रखे दो लाख तीस हजार रुपए कैश चुरा लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। रविवार सुबह मेडिकल



स्वामी ने कुमल लगा देखा तो उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो दराज के ताले टूटे हुए थे और उसमें रखे रुपए गायब थे।

शोर मचाने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर आ गए। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया चोरी का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# सर्वाइकल कैंसर शिविर का आयोजन, दिए सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने संयुक्त रूप से अयोजित सर्वाइकल कैंसर शिविर में विशेष सहयोग किया। यह शिविर 17 अक्टूबर को बरेली के वंश हॉस्पिटल में आयोजित हुआ जिसमें इनर व्हील के 10 क्लब शामिल रहे।

सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर सर्वाइकल कैंसर पर वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चना अग्रवाल के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। डॉक्टर की देखरेख में 20 बालिकाओं को फ्री में एचपीवी वैक्सीन लगवाई गई साथ में अन्य टेस्ट और स्क्रीनिंग भी की गई। यह कार्य क्लब की सहभागिता से




हुआ। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डॉक्टर नीलू मिश्रा ने कार्यक्रम का मार्ग दर्शन किया। क्लब की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने डॉक्टर अर्चना जी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब की चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता और कोषाध्यक्ष प्रगति गुप्ता मौजूद रहीं।

# इमामबाड़ा किला में आयोजित मजलिस में मौलाना सैयद डॉ. हसन कुमैली का खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इमामबाड़ा किला में हुई मजलिस को खिताब करते हुए दिल्ली से आए मौलाना सैयद डॉ. हसन कुमैली साहब ने कहा कि कर्बला में करोड़ों के मजमे को रोटी-पानी सब कुछ मिलता है। नजफे अशरफ से कर्बला तक लंबा सफर करने के दौरान जायरीन को किसी चीज की कोई कमी नहीं रहती है। करोड़ों लोग हजरत इमाम हुसैन के रोजे की जियारत करते हैं।

शायरे अहलेबैत उस्ताद शायर



अल्लामा सहर रामपुरी के बड़े बेटे मिर्जा तौसीक अली बेग की पहली बरसी के ईसाले सवाब की मजलिस को खिताब करने आए मौलाना ने कहा कि आपस में प्यार-मोहब्बत से रहे। हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला में इंसानियत को बचाने को अपना सिर कटा दिया।

अरबईन ए हजरत इमाम हुसैन और शोहदा ए करबला के सिलसिले से उनके मोजिजात को बयान फरमाते हुए जन्नत की नेमतो का तजकरा मिसाल देते हुए कहा कि जन्नत में जो शख्स अल्लाह की नेमत का इरादा करेगा वह उसको हासिल हो जाती है। आखीर में उन्होंने आलम ए इस्लाम को शिया-सुन्नी इत्तेहाद का पैगाम दिया। इससे पहले पेशख्वानी मिर्जा तकी बेग, हसन मेहंदी,अब्बास हैदर सहरी, मोहम्मद हैदर सहरी ने की। इस मौके पर मौलाना मूसा रजा, मौलाना जमा बाकरी, मिर्जा मुज्तबा अली वेग, तस्लीम सहरी, आसिफ सहरी, तनवीरुल हैदर, फैसल रिजवी, दानिश नकवी, आशु बेग, ताबिश नकव्वी, बाबर जैदी समेत काफी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने क्षमता से अधिक सवारी ले जा रहे हैं 9 वाहनों का किया चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** दीपावली एवं अन्य आगामी पर्वों पर सुरक्षा की दृष्टिगत एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वाराजनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान मार्ग से निकल रहे विभिन्न वाहनों की गहन चेकिंग की गई। जिसमें दो बसें जो कि हिमाचल प्रदेश से रुपईडीहा एवं लखीमपुर को जा रही थी। इन बसों में निश्चित सीट क्षमता 54 के सापेक्ष 72 यात्री बैठे पाये गए, जिस पर इन दोनों बसों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई एवं क्षमता से अधिक सवारियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य को



भिजवाया गया। इसी प्रकार तीन ईको वाहन जिनमें 12 से 13 यात्री बैठे गए थे इनके विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई तथा दो ऑटो टेंपो भी निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी लेकर परिवहन करते पाए गए। जिस पर उनके विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। एआरटीओ द्वारा लंबी दूरी तय करने वाली बसों के चालकों को सुरक्षित परिवहन के विषय में जागरूक किया गया उनसे कहा गया कि थकान लगने पर बस को सुरक्षित स्थान पर रोक कर आराम कर ले। नींद और थकान महसूस होने पर बस कदापि न चलाएं। इस प्रकार की लंबी यात्राओं में एक बस में दो चालक अवश्य रहने चाहिए। उन्होंने वाहन चालकों को चेतावनी दी कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर ना चलाएं तथा सचेत किया कि सुरक्षित परिवहन द्वारा स्वयं के साथ-साथ उनके वाहन में बैठे यात्रियों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## पुलिस ने दीपावली के त्यौहार सहित आगामी त्योहारों लेकर

# नगर में किया पैदल मार्च धमाकेदार पटाखों से दूर रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** दीपावली व आगामी त्योहारो को लेकर कस्बे में पुलिस में पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया और पटाखा मार्केट पहुंचकर दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दीपावली के त्योहारी सीजन को लेकर पुलिस ने रविवार की शाम कस्बे में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पुलिस दल काशीपुर मार्ग होते हुए पटाखा मार्केट पहुंचा और पटाखा विक्रेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने काशीपुर मार्ग सदर बाजार समेत चाउपुरा के रामलीला ग्राउंड में लगे अस्थाई पटाखा बाजार का भी निरीक्षण किया। त्यौहार को लेकर जाम की स्थिति न बने पुलिस सतर्क रही। पुलिस ने पैदल मार्च के दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और कहा कि धमाकेदार आवाज के पटाखों से दूरी बनाकर रखें जिससे जनहानि ना हो और सुरक्षित तरीके से दीपावली का पर्व मनाए।



# बंदरों का हमला, छत से गिरकर महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव टंढ़ेड़ा मे छत पर गोबर के उपले बना रही महिला नूरनिसा पर बंदरों के झुण्ड ने हमला कर दिया। जिसमें महिला घायल हो गयी जान बचाकर भागने के दौरान फिसलने से वह छत से नीचे गिर गई। परिजन घायल को निजी चिकित्सक के पास ले गये, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा मे शुक्रवार को 72 वर्षीय महिला नूरनिसा अपने मकान की छत पर गोबर से उपले बना रही थी। अचानक छत पर आए बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया व उसके हाथ व दो जगह पीठ पर काट लिया। बंदरों से बचने के प्रयास मे वह छत से नीचे पहले छज्जे पर गिरी। फिर नीचे सड़क पर जा गिरी। गंभीर रूप से घायल नूरनिसा को निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। महिला की मौत से पति इदरीस, बेटे यामीन, शौकीन, रईस, वकील व बेटियां शकीला, वकीला, हसीबा का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस चौकी के पास से तीमारदार की बाइक चोरी

**बुढ़ाना।** किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर पुलिस चौकी के समीप स्थित एक हस्पताल के बाहर खडी हुई एक तीमारदार की बाइक चोरी कर पुलिस में हड़कंप मचा दिया। बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीमारदार से घटना की जानकारी लेकर अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दी है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी आशु सैफी पुत्र अली हसन ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि आज रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे वह स्पलेंडर बाइक पर बैठकर बुढ़ाना पुलिस चौकी के पास स्थित लाईफ केयर सैन्टर हस्पताल में किसी मरीज से मिलने आया था।

वह अपनी मोटर साईकिल हस्पताल के बहार खड़ी करके मरीज से मिलने अन्दर चला गया। कुछ ही देर बाद जब वह हस्पताल से बाहर आया तो उसकी मोटर साईकिल वहां नही मिली। उसने अपनी मोटर साईकिल इधर उधर तलाश की लेकिन उसकी मोटर साईकिल कहीं पर नही मिली। उसकी मोटर साईकिल किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गयी है उसे ऐसा अंदेशा है। मोटर साइकिल चोरी होने की घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खंगालकर हस्पताल के आनर डाक्टर वाजिद से घटना की जानकारी ली। तहरीर मिलते ही पुलिस ने अज्ञात चोर की तलाश शुरु कर दीघ्है।

# किन्नर समाज में बढ़ा विवाद, रेखा रानी ने लगाया हत्या की सुपारी देने का आरोप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी में गद्दी की विरासत और उससे जुड़ी संपत्ति को लेकर किन्नर समाज में वर्चस्व की जंग तेज़ हो गई है। खतौली के ढाकन चौक निवासी रेखा रानी किन्नर ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा है कि गद्दी पर कब्जा करने की नीयत से कुछ किन्नरों ने उसकी हत्या की सुपारी तक दे डाली है।



खतौली ढाकन चौक निवासी रेखा रानी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुज़फ्फरनगर के एसएसपी से अपनी और अपने साथियों की सुरक्षा की गुहार लगाई है।रेखा के अनुसार, मुज़फ्फरनगर निवासी कई किन्नर रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी स्थित गद्दी और उससे जुड़ी संपत्ति पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर ये लोग उसके साथ गाली-गलौज, धमकी और मारपीट करते हैं।आरोप है कि विरोधी गुट ने उसकी हत्या की सुपारी देकर अपने साथियों से कहा कि वे रेखा को हजिंदा या मुर्दा बोरी में बंद करके लाएं।हरेखा का यह भी कहना है कि साजिशकर्ता उसकी हत्या कर लाश का अंगूठा लगवाकर सठेड़ी की संपत्ति अपने नाम करने की योजना बना रहे हैं।पीड़िता ने कहा कि उसे किसी भी समय जान का खतरा हो सकता है। वहीं, रेखा रानी के समर्थकों का कहना है कि विरा. धी गुट किसी भी कीमत पर सठेड़ी गद्दी और संपत्ति पर कब्जा जमाना चाहता है। इस पूरे मामले में रेखा रानी किन्नर ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

# मिशन शक्ति-एंटी रोमियों ने महिलाओं को किया जागरूक

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति फेज 0.5 और एंटी रोमियो अभियान के तहत फुगाना थाना क्षेत्र में रविवार के दिन बसों में यात्रा कर रही महिलाओं को जागरुक किया गया।

कार्यक्रम फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। आसपास और दूर दराज विभिन्न गांवों से आई महिलाओं, लड़कियों और बच्चों को आत्मरक्षा एवं आत्म सम्मान के गुण बताए गए। इस दौरान महिला पुलिसकमह्न ही मौजूद रही। महिला कांस्टेबल ने महिलाओं को अपनी सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। उन्हें नारी शक्ति सशक्तिकरण से संबंधित पंप्लेट वितरित किए गये। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को आत्म निर्भर बनाना और उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने भी उपस्थित सभी महिलाओं को सुरक्षा का आश्वासन दिया इसके साथ ही क्षेत्र में एंटी रोमियो चेकिंग अभियान चलाया। महिलाओं ने इस पहल को ध्यान से सुना और समझा तथा अन्य महिलाओं को भी इसके बारे में बताया।



# ईदगाह तिराहा की सुधरी दशा, मंत्री व चेयरपर्सन ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पालिका परिषद के वार्ड संख्या 11 में स्थित ईदगाह तिराहा प्रेमपुरी पर नवनिर्मित पार्क का विधिवत उद्घाटन किया। समारोह में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के साथ इस पार्क का उद्घाटन करते हुए कहा कि वह इस नगर के विधायक हैं और राज्य सरकार में उन्हें मंत्री का दर्जा प्राप्त है। वे नगर की समस्याओं से पूरी तरह अवगत हैं और उन्हें हल करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से जो गंदगी और अव्यवस्था थी, उसे अब हटाया जा चुका है, और अब इस नगर के सौंदर्यकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के सहयोग की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि वह भी इस अभियान में उनका साथ देंगी। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि आने वाले समय में नगर में कई और विकास कार्य किए जाएंगे। इनमें रामलीला टीले पर नाले का पुनर्निर्माण, प्रेमपुरी में गांधी पार्क का पुनर्निर्माण और कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मुजफ्फरनगर आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने की।

उन्होंने इस कार्य में क्षेत्रीय सभासद प्रशांत चौधरी और उनके पिता जयवीर सिंह चौधरी का योगदान विशेष रूप से सराहा। मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि अन्य सभासदों के सहयोग से इस पार्क और तिराहे का निर्माण संभव हो पाया है और अब यह क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित किया जा रहा है। नगर के सौंदर्यकरण व विकास के इस अभियान में आप सभी का सहयोग एवं सहभागिता सराहनीय है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम मिलकर अपने मुज़फ्फरनगर को और स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने में सकारात्मक विचारधारा के साथ काम करें। इस दौरान सभासद मोहित मलिक, राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश मित्तल, व्यापारी दिनेश बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल, नगर पालिका परिषद के अवर अभियंता कपिल कुमार, ठेकेदार रोबिन गोयल, रजनीश गोयल, सुधीर जैन मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर:दीपावली की तैयारी के लिए खरीदारी करती महिलाएं।

## पुलिस ने वाहन व संदिग्ध लोगों की तलाशी ली

**फुगाना।** थाना फुगाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के साथ साथ शराब के ठेकों के आसपास संदिग्ध व्यक्ति की भी चेकिंग की गयी। त्योहारों को देखते हुए फुगाना पुलिस द्वारा गांवो में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार की देर रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने असामाजिक तत्वों की तलाश और संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग और नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्रवार अभियान चलाकर सघन जांच की। त्योहारों के चलते असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। इसके तहत पुलिस ने बाइक पर तीन सवारियों के चलने वालों को कड़ी चेतावनी दी।

# भगवंत ग्रुप के चेयरमैन ने किया फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मीरापुर।** खेल भावना और युवा ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माँ शाकुम्भरी श्विवविद्यालय द्वारा भगवंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एक दिवसीय अंतरमहाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) का आयोजन 18 अक्टूबर 2025 को किया गया। यह प्रतियोगिता प्रात: 10 बजे से भगवंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन के स्पोर्ट्स ग्राउंड में प्रारंभ हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने फीता काटकर खेलों का शुभारंभ किया इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल, सह निदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा, फाइनेंस ऑफिसर सी0ए0 दुष्यंत कुमार डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ आदित्य शर्मा, डीन अजय सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ कावेन्द्र यादव ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर नमन किया। फुटबाल मैच के आयोजन से पूर्व संस्थान के चौयरमैन डॉ अनिल सिंह ने सभी प्रतिभागियों से परिचय कर खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला। और सभी प्रतिभागियों की जीत की अग्रिम बधाई देकर उनमें ऊर्जा का संचार किया। माँ श्विविद्यालय द्वारा नामित चयन समिति के सदस्य प्रोफेसर डॉ अजीज ने भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भगवन्त इंस्टीटड्ूट ऑफ टेक्नोलॉजी, श्री राम कॉलेज, एस. डी. कॉलेज, गोचर महाविद्यालय, आशाराम कॉलेज आदि के सभी प्रतिभागियों का ट्रायल लिया। इस अवसर पर भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन के क्रीड़ा अधिकारी डॉ कावेन्द्र कुमार, सह क्रीड़ा अधिकारी तनुष देओल, दिव्य सिंह, रैफरी शिवम राणा आदि उपस्थित रहे। कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. कावेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण की भावना को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि भगवंत कॉलेज सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है, और यह आयोजन उसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हउद्यमेन हि सि)यन्ति कार्याणि न मनोरथैःह के आदर्श वाक्य को सार्थक करते हुए भगवंत कॉलेज ऑफ एजुकेशन युवाओं को यह संदेश देना चाहता है कि सफलता केवल प्रयासों से ही संभव है, इच्छाओं से नहीं।



मीरांपुर:फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

# लुहसाना में भाकियूअ ने किया संगठन विस्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना में आज रविवार को दोपहर के बाद ओमपाल सिंह के आवास पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक आवश्यक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें गांव लुहसाना के संजीव सैनी को मीटिंग में उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की सर्व सहमति से लुहसाना गांव का ग्राम अध्यक्ष बनाते हुए उनको हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया।

यह नियुक्ति वैसे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पंवार के द्वारा की गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से तहसील उपाध्यक्ष रणवीर बालियान, प्रताप सिंह, राम सुमन, संजय कुमार और मोनू सहित अन्य कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यहां पर संगठन को भी मजबूत बनाने पर बल दिया गया और नये ग्राम अध्यक्ष संजीव सैनी को 10 दिन के भीतर भीतर गांव लुहसाना की पूरी कार्यकारिणी बनाने के भी निर्देश दिए।

# नगराध्यक्ष पद ज्यूं का त्यूं रहने पर बंटी मिठाई

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार सपा नगर अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। इसी खुशी में उनके लुहसाना रोड स्थित आवास पर उनके सैंकडों समर्थकों ने हर्ष व्यक्त कर मिष्ठान वितरित किया। सपा नगराध्यक्ष के पद पर जो खतरा मंडरा रहा था वह दूर हो गया है। सपा नगर अध्यक्ष ताज जिया नम्बरदार ने बताया कि 3 दिन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के सब नगर अध्यक्ष हटा दिए थे लेकिन जिलाध्यक्ष जिया चौधरी के प्रयास से वे अब पूर्व नहीं रहे बल्कि उन्हें इसी पद पर बने रहने के निर्देश मिल गये हैं। इसी खुशी में आज उनके आवास पर मिठाई बांटी गयी। में 25 साल से सपा में ही हूं अब और भी ज्यादा सक्रिय हो गया हूं। अब मुझे हाईकमान से जो आदेश मिलेगा वह मेरे लिए सर्वमान्य होगा। उन्होंने कहा कि यहां कस्बे में कोई गुटबंदी नहीं है और जो नाराज हैं उनको मना लिया जाएगा।



इस बार यूपी के सीएम अखिलेश यादव ही बनेंगे। उन्होंने कार्यकारिणी बना ली है जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। यहां शजाऊद्दीन तोमर, याकूब राणा, आमिर खान, अय्यूब सैफी, हाजी इस्तेखार सिद्दीकी, युसूफ जिया, महबूब मंसूरी, अमीर जिया, हनी नम्बरदार, असगर कस्सार, हाजी यासीन मंसूरी, वली उस्मान, अनस नम्बरदार, मोबीन मसूदी, अजीम सिद्दीकी, नौशाद काला, कलीम उस्मानी, शाहआलम उस्मानी, अमित जैन, मन्नू कुरैशी इंतजार शेख, शहजाद काजी, हाजी अब्दुल गफ्फार सैफी, शहजाद सलमानी आदि कार्यकर्ता मोजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**मीरापुर।** दिल्ली पौडी राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, मवाना के मिल रोड निवासी सुनील पुत्र अतर सिंह अपनी बाइक से बिजनौर की ओर जा रहा था। जब वह मीरापुर क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी के निकट पहुंचा, तभी विप. रीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुनील सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को उठाकर नजदीकी चिकित्सक के पास उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं, दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

# लायंस क्लब उन्नति ने मनाया भव्य दीपावली उत्सव

**मुजफ्फरनगर।** लायंस क्लब उन्नति द्वारा मेरठ रोड स्थित मूलचंद रिज़ॉर्ट में भव्य दीपावली उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस अवसर पर क्लब के अनेक परिवारों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कैसिनो थीम पर आधारित मनोरंजक खेल रहे, जिन्हें लायन मनीष बंसल द्धज़ोन चेयरपर्सनत्र और लायन अर्चना जैन ने अपने अनूठे अंदाज़ में संचालित किया। क्लब के सदस्यों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर भरपूर मनोरंजन का आनंद उठाया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन अमित मित्तल ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वहीं लायन अजय अग्रवाल द्धचीफ़ डिस्ट्रिक्ट एम्बेसडरत्र ने हाल ही में हुई डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी में क्लब द्वारा प्राप्त किए गए अनेक पुरस्कारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष क्लब को कई सम्मान प्राप्त हुए, जिनमें बेस्ट क्लब ऑफ़ द डिस्ट्रिक्ट का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रमुख रहा। कार्यक्रम के दौरान मेगा प्राइज भी निकाला गया, जिसके लायन महेश जिंदल विजेता रहे।

इस अनूठी और यादगार बैठक में लायन रीना अग्रवाल (डिस्ट्रिक्ट पदा. धिकारी), डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल कंसल, उद्योगपति पूर्व अध्यक्ष लायन अमित गर्ग, लायन अतुल एरन, लायन मनीष जैन, लायन आलोक गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लायन निखिल मित्तल, लायन मुकुल गोयल, लायन राजेश मित्तल, लायन उमंग कंसल, लायन मुकुल गुप्ता, लायन डॉ. प्रवेश कुमार, लायन रोहित सिंघल, लायन नितिन गोयल, लायन दिनेश गर्ग, लायन पंकज अग्रवाल, लायन राजीव माहेश्वरी, लायन विशाल अग्रवाल, लायन महेश जिंदल, लायन अनिल गुप्ता, लायन रेनू गुप्ता, लायन प्रतिभा बंसल, लायन वंदना मित्तल, लायन रूमा अग्रवाल, लायन शिवांगी गर्ग, लायन तनुजा एरन, लायन लेडीज़ अनूराधा मित्तल, रुचि मित्तल, निधि अग्रवाल, नेहा कंसल, शालू मित्तल, गरिमा अग्रवाल, अनुपमा कर्णवाल, हेमलता माह्नेश्वरी, पूजा सिंघल, प्रगति गोयल, अनीता जिंदल, नेहा गर्ग, सुनीता कंसल सहित अनेक सदस्य एवं लेडी लायंस उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर क्लब सदस्यों ने रंग-बिरंगी आतिशबाज़ी की और आसमान में आकर्षक लैटर्न्स उड़ाकर एवं फूल छड़ी, अनार छुड़ा कर दीपावली की उजली आभा को और निखार दिया।



इसके पश्चात सभी सदस्यों ने रात्रिभोज का आनंद लिया। अंत में क्लब की ओर से सभी उपस्थित सदस्यों को दीपावली उपहार भी प्रदान किए गए।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में धनतेरस व दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। दीपावली पर्व के उपलक्ष में विद्यालय में सामान्य ज्ञान ओलंपियाड प्रतियोगिता के विज. ताओं को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान पर अक्षी, द्वितीय स्थान पर कार्तिक शर्मा व तृतीय स्थान पर पूवह्न पवार रहे। सांत्वना पुरस्कार आरव चौधरी व उत्सव ने प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 तक के श्रेणी प्राप्त विद्यार्थी प्रथम स्थान पर देव गालियान, द्वितीय स्थान पर मानवी त्यागी व तृतीय स्थान पर कार्तिक रहे। सांत्वना पुरस्कार वंश मलिक, रियान जैदी व काव्या बालियान ने प्राप्त किया।कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों में प्रथम स्थान वर्णिका चौधरी व परीक्षित पंवार, तेजस्वी द्वितीय स्थान व आरोही तृतीय स्थान पर रहे।सांत्वना पुरस्कार विशांत व अंशिका ने प्राप्त किया।विजेता प्रतिभागियों को बड़े सम्मान के साथ भिन्न भिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने विद्यालय के विद्यार्थियों को व विद्यालय में सभी कार्यरत सदस्यों को धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन न केवल प्रकाश का त्यौहार है बल्कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी जी ने भी विद्यार्थियों को दीपावली के उपलक्ष में शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी जन समुदाय को रोशनी के महत्व को समझकर उसकी महत्ता को अपने जीवन में उतारकर एक प्रभावी व्यक्तित्व का निर्माण करना चाहिए। यह त्यौहार सुख, समृद्धि, बुराई पर अच्छाई की जीत को प्राथमिकता देता है।विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुनीता सैनी व गुंजन तोमर ने भी विद्यार्थी को दीपावली के पर्व की उपयोगिता व सार्थकता के विषय में जानकारी दी, और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के चारो सदनों (गांधी सदन, कलम सदन, सुभाष सदन, टैगोर सदन) के विद्यार्थियों ने रंगोली का आयोजन कर दीपावली की विशेषताओं को अधिक महत्व दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त वेदांता परिवार का सहयोग रहा।



# जेपीएस पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव की रही धूम


**शाह टाइम्स संवादाता**

**मोरना।** जे.पी.एस. पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपों की रौशनी और खुशियों से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मोहिनी शर्मा, डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि सार्थक शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से कक्षा दो तक वेषभूषा प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान व माता लक्ष्मी के रूप में आकर्षक प्रस्तुति दी। इसमें प्रथम स्थान ऋतुराज, अराध्या, सान्वी, द्वितीय युग, चारु तथा तृतीय कृष्णा मिस्ट्री रहे।कक्षा आठवीं से बारहवीं तक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें रोज हाउस ने प्रथम, लिली हाउस ने द्वितीय और जैस्मिन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संचालन व आयोजन में ख्रष्टि, प्रिया, स्वाती, दीपिका, सृष्टि, अपूर्वा, विनीता शर्मा, तोसीफ, अंश, शिवानी शर्मा सहित समस्त शिक्षकों व छात्रों का सहयोग रहा।








समस्त नगरवासियों को
नगर निगम परिवार की ओर से धनतेरस,
दीपावली, गोवर्धन पूजा भाई दूज एवं छठ पूजा
के पर्व पर अपील
श्री जग प्रवेश
नगर आयुक्त
नगर निगम मथुरा-वृंदावन
विनोद अग्रवाल
महापौर
नगर निगम मथुरा-वृंदावन
निवेदक: समस्त पार्षदगण एवं नगर निगम मथुरा-वृंदावन, मथुरा




सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अजय कुमार बोहोत
ग्राम विकास अधिकारी छपरौली एवं जिला अध्यक्ष बागपत
अखिल भारतीय वाल्मीकि नवयुवक संघ उत्तर प्रदेश।


समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद
सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
रूपेश पंडित
जिला उपाध्यक्ष
सपा, हापुड़




आप सभी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी मोबीन
समाज सेवी


जय जवान
जय किसान
भारतीय निर्वाचन आयोग में पंजीकृत
ऑल इण्डिया
हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी
की ओर से सभी देशवासियों को
दीपावली, गोवर्धन, भैय्या दोज
गंगा स्नान
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पं० बुद्धप्रकाश शर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
पं० गोपाल शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष यूपी


जनपद हापुड़ के समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली गोवर्धन, भैय्यादूज
एवं गंगास्नान की हार्दिक शुभकामनाऐं
राकेश त्यागी
जिलाध्यक्ष हापुड़


RLD
सभी देशवासियों को
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. अनिल आर्य
क्षेत्रीय महासचिव (राष्ट्रीय लोकदल)


Shahji
हमारी पहचान शुद्धता MILK
शाहजी परिवार
की ओर से धनतेरस, दीपावली व भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएएं
Milk & Milk Product Sweets & Namkeen- Cookies
GT ROAD SIKANDRABAD (UP) (SWEETS SHOP) 9528285146
JALLAN PETROL PUMP, BULANDSHAHR (UP) 7668650665
DOODHPUR ROAD, ALIGARH (UP) 6398675798, 9927976407
BAZAR BALLIMARAN, DELHI 1149537559
SARITA VIHAR ROAD, OKHLA NEW DELHI7303969389
OUR BRANCH
देशी घी से
निर्मित मिठाइयाँ
ZAKIR NAGAR OKHLA DELHI SWEETS (SHOP) 73033057971
LONI ROAD PASONDA, GAZIBAD 7303747448
NEW MUSTFABAD, DELHI 7303987773
CHAMELIAN ROAD, DELHI 9899685995
CHAMELIAN ROAD, DELHI 9810981947
SHAHJI FOODS & ALLIED PRODUCTS PRIVATE LIMITED
■ Factory Gopalpur Industrial Area Sikandrabad (Bulandshahr)-203205 ■ Factory Ram Ghat Road, Atroli (Aligarh Mob: 9837054333,9927976405

# सम्पादकीय

सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## मुहब्बत से मनाएं दिवाली

दुनिया में तमाम त्योहार लोगों में खुशियां, भाईचारा, एकजुटता, मुहब्बत का पैगाम देने के लिए जाने जाते हैं। आप किसी वर्ग, किसी भी समुदाय में आस्था रखते हों, इससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। भारत तो वैसे भी विभिन्न संस्कृतियों वाला देश रहा है। इसलिए यहां धर्मों का विशेष महत्व होने के साथ-साथ त्योहारों का भी विशेष महत्व है। दीपावली भी उनमें से एक ऐसा त्योहार है, जिसका अपना एक धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व है। यह बुराई पर अच्छाई के रूप में मनाया जाता है। दीपावली मनाने को लेकर लोगों में किस तरह का जोश है, वह बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखकर साफ देखा जा सकता है। लोग अपने सामर्थ्य अनुसार धनतेरस को लेकर खरीदारी कर रहे हैं। हां यह जरूर कहा जा सकता है कि आर्थिक कारण भी कहीं न कहीं हमारे त्योहारों पर भी प्रभाव जरूर डालते हैं। प्रदूषण भी इस समय बड़ी समस्या बना हुआ है। इन पर प्रतिबंधों का सभी को पालन करना चाहिए, क्योंकि सरकारी स्तर पर प्रतिबंध लगाने से बात नहीं बनती है, जब तक लोग उसमें अपना सहयोग न दें। आखिर कहते भी हैं कि जान है तो जहान है। जब जीव सुरक्षित होगा, स्वस्थ होगा, तभी हर चीज में आनंद आता है। इसलिए पटाखों के साथ-साथ ऐसी चीजों से बचने की आवश्यकता है, जो प्रदूषण फैलाने का काम करें। पराली को लेकर भी लोगों को गंभीरता दिखानी चाहिए, विशेषकर किसानों को। अच्छी बात यह है कि लोंगों में प्रदूषण के प्रति अब जागरूकता भी आ रही है और लोग इसमें अब सहयोग भी करने लगे हैं, लेकिन बेहतर हो कि इस तरह के फैसले समय पर लिए जाएं। जहां तक बात लोगों की है, जैसाकि हमने पहले ही कहा कि त्योहार के प्रति लोगों में जुनून स्वाभाविक है, लेकिन इस बार लोगों को थोड़ा इस पर अहतियात बरतने की भी आवश्यकता है। बेहतर यही है कि पटाखों को लेकर जो सरकार ने गाइडलाइन जारी की है, लोग उसका पालन करें। अब यह कोई मुश्किल काम भी नहीं है, क्योंकि हम अब इसके काफी अभ्यस्थ भी हो चले हैं और सबसे बड़ी बात हम एक-दूसरे की सहलूलियत का ख्याल रखें और अपनी तरफ से कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे किसी का दिल दुखे। आखिर त्योहार हमें सीख तो यही देते हैं कि हम जहां तक भी संभव हो, ऐसा काम करें जिससे लोगों में प्यार, विश्वास, सौहार्द बने, यही सच्चे अर्थों में त्योहार मनाने की कला भी है और त्योहारों का असल मकसद भी यही है।

### जमीनी तैयारी तेज करें राज्य की इकाइयां



जमीनी तैयारी तेज करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें, देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है, सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है, जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं, बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है।

**-मायावती, बसपा प्रमुख**

# बारूद नहीं, दीप जलाएं, हरित दीपोत्सव की ओर कदम बढ़ाएं



**योगेश कुमार गोयल**



दीवाली, उजालों का त्योहार, खुशियों का स्वागत! लेकिन जब यही जश्न हमारी सांसों को घुटन से भर दे और हमारे वातावरण को जहर बना दे, तब सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हम सच में रोशनी फैला रहे हैं या अंधकार को और गहरा कर रहे हैं। भारत में सदियों से दीयों की झिलमिलाती रोशनी और हल्की आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव मनाने की परंपरा रही है। यह पर्व अच्छाई की विजय, प्रकाश की महिमा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है परंतु पिछले कुछ दशकों में इसका स्वरूप इस कदर बदल गया है कि अब यह 'आतिशबाजी का युद्ध' प्रतीत होता है। वह उत्सव, जो कभी शांति और प्रकाश की अनुभूति देता था, आज शोर, धुएं और प्रदूषण का प्रतीक बन चुका है।

बारूद से लबालब पटाखों की चमक पलभर में न केवल जान-माल का खतरा पैदा करती है बल्कि वायु, ध्वनि और मिट्टी तीनों को गहराई से प्रदूषित करती है। इन पटाखों में बेरियम, सीसा, गंधक और कॉपर जैसे रासायनिक तत्व होते हैं, जो फूटने के बाद घंटों तक वातावरण में तैरते रहते हैं। बेरियम रेडियोधर्मी और विषैला होता है, कॉपर कैंसर का खतरा बढ़ाता है और गंधक श्वसन तंत्र को नष्ट करता है। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें न केवल फेफड़ों और दिल पर असर डालती हैं बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित होती हैं।

ध्वनि प्रदूषण भी किसी हथियार से कम नहीं। कई जगहों पर पटाखों की आवाज 130 से 150 डेसीबल तक पहुंच जाती है, जो कानों की सीमा से कहीं ऊपर है। इसका सीधा असर नींद, तनाव, हृदय की गति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। यह केवल मनुष्यों को नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और पालतू जानवरों को भी भयभीत कर देता है। कई शोध बताते हैं कि पटाखों की तीव्र ध्वनि पशुओं की सुनने की क्षमता को स्थाई नुकसान पहुंचाती है। प्रदूषण के इस असर ने पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण शुक्राणुओं की संख्या में 40 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।

जब हर दसवां भारतीय अस्थमा से जूझ रहा हो और हवा गर्भस्थ शिशु तक के लिए विष बन चुकी हो, तब एक रात की यह आतिशबाजी केवल असंवेदनशीलता का प्रतीक बन जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर स्थिति पर हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल दिल्ली या एनसीआर की समस्या नहीं बल्कि पूरे देश का दायित्व है। इस वर्ष केवल एनईईआरआई द्वारा प्रमाणित 'हरित पटाखों' की अनुमति दी गई है, जिनमें बेरियम, सीसा या आर्सेनिक जैसे जहरीले रसायन नहीं होंगे।

प्रत्येक पैकेट पर क्यूआर कोड अनिवार्य होगा ताकि नकली या विषैले पटाखों की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, अदालत ने दीवाली पर पटाखे चलाने के लिए एक निश्चित समय तय किया है। ऑनलाइन बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है और आदेश उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द करने व स्टॉक जब्त करने की चेता. वनी दी गई है। परंतु अदालत के आदेश तभी सार्थक होंगे, जब नागरिक अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं। पर्यावरण संरक्षण केवल कानून का नहीं, चेतना का विषय है। जब तक लोग स्वयं संवेदनशील नहीं होंगे, कोई भी नीति या न्यायालय पृथ्वी को नहीं बचा सकते। दीवाली की असली सुंदरता पटाखों के धमाकों में नहीं, दीयों की रोशनी में है, वह रोशनी, जो हमारे घर, मन और समाज को प्रकाशित करती है। आज यह पर्व, जो कभी स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था, अब कचरे और धुएं में डूबता जा रहा है। यह कैसी दीवाली है, जो हमारी सांसें छीन लेती है?

अब समय है कि हम अपनी परंपराओं को आधुनिक विवेक से जोड़ें। यदि आतिशबाजी करनी ही है तो केवल हरित पटाखों का सीमित प्रयोग करें। अपने घरों और गलियों को दीयों की रोशनी से सजाएं, एक-एक पौधा लगाएं और बच्चों को सिखाएं कि असली उजाला वही है, जो जीवन को बचाए, न कि उसे धुएं में डुबो दे। दुनिया के कई देशों में त्योहारों के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी जुड़ी होती है। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर में एक उत्सव पर हर परिवार आतिशबाजी के साथ एक पौधा भी लगाता है, यह छोटी-सी परंपरा गहरे संदेश देती है। भारत भी ऐसा कर सकता है, जहां उत्सव और पर्यावरण का संतुलन साथ चले।

आज जब दिल्ली सहित देश के कई अन्य शहरों की हवा पहले से ही जहरीली हो चुकी है, हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक रात का आनंद आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से बड़ा नहीं हो सकता। हमें अपने बच्चों को ऐसी दीवाली देनी है, जो सिर्फ आंखों को नहीं, दिलों को भी उजाला दे। दीवाली दीयों की हो, धमाकों की नहीं क्योंकि असली रोशनी वही है, जो प्रकाश के साथ करुणा और जिम्मेदारी का संदेश फैलाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राम को तो रोज अपने घर लौटना चाहिए



**श्रवण गर्ग**

हमें एक ऐसी दीपावली की दरकार है जो साल भर अविराम चलती रहे। हमने अनुभव कर लिया है कि जिस रावण का विजयदशमी के दिन दहन होता है वह पूरे साल नष्ट नहीं होता। राम साल में सिर्फ एक बार ही हमारे जीवन की अयोध्या में लौटते हैं। हम पूरे साल रामकी प्रतीक्षा में रावण को जीते रहते हैं।

राम की प्रतीक्षा के दीपोत्सव में राष्ट्र अपनी साल भर की उदासी के उपवास को सामूहिक उल्लास के जरिए तोड़ता है ! समाज जैसेअपनी संपूर्ण देह और चेतना के साथ एक रात के लिए प्रार्थनाओं के एक घने जंगल में प्रवेश कर पेड़ों से जमीन पर पड़ कर सूख चुकेपत्तों पर दीप-नृत्य करते हुए शोर पैदा करता है।

अमावस्या का अंधकार जैसे-जैसे गहरा रहा है, हम उतने ही ज्यादा डरते हुए रोशनी और शोर में इजाफा करते जा रहे हैं। न तेज रोशनीआंखों को चुभ रही है और न चीखता हुआ क्रूर शोर कानों को भेद रहा है। रोशनी और शोर हमारी सामूहिक उदासी को तात्कालिक रूप से लील जाते हैं। त्योहार को मनाने का उत्साह जैसे साल भर की उदासी, एकाकीपन और रिक्तता से अस्थाई मुक्ति का अवसर प्रदान करता है, उसकी समाप्ति के बाद महसूस होने वाली थकान अपने को पीड़ाओं के पुराने जंगल में वापस लौटाने का भय होती है।

राम के रूप में एक नायक के वनवास से लौटने की उत्कंठा में हम वास्तव में अपने-अपने संघर्षों की कथाओं के किसी सुखद समापन की संभावनाएं तलाशते हैं। संघर्ष उन शक्तियों के खिलाफ जो हमारी सामूहिक चेतना को अवसाद की लंकाओं में परिवर्तित करते रहते हैं। इसीलिए हम राम को आदर्श और नायक दोनों ही रूपों में एकसाथ आत्मसात करना चाहते हैं। हम जब बखान करते हैं कि हमें अपनी अयोध्या में राम की प्रतीक्षा है तो स्वीकार नहीं करना चाहते कि हम कितने भयभीत हैं।



हम रामकी वापसी उनका वैभव उन्हें वापस सौंपने के लिए नहीं बल्कि अपने वैभव की रक्षा की कामना के लिए करना चाहते हैं। दीयों के तेजप्रकाश के बीच हमारे चमचमाते हुए चेहरे इतने भयातुर हैं कि अपने भगवान को अयोध्या की सीमाओं पर ही रोककर अपनी महत्वाकांक्षाओं के सारे वनवास उनके हवाले कर देना चाहते हैं। हकीकत यह है कि राम की अयोध्या वापसी के पर्व को हम अपनी जड़ों में वापस लौटने का संबल बनाना चाहते हैं। हम थक चुके हैं और बहुत सारी जगहों के वनवासों, लड़ाइयों से मुक्त होकर अपनी-अपनी अयोध्या में वापस लौटना चाहते हैं। हम डर रहे हैं कि उत्सव की समाप्ति के साथ ही हमें अपने अवसादों के बियाबानों में फिर वापस लौटना पड़ेगा। हमें एक ऐसी दीपावली की जरूरत है जो राम कीप्रतीक्षा में साल भर चलती रहे और हमारी आत्माओं में बसे हुए राम रोज अपने घर आते रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जब इतिहास बोलता है, तो भविष्य सुनता है



**वाहिद नसीम**



कल्पना कीजिए एक ऐसा खेलक्षेत्र, जहां गेंद न केवल लकड़ी से टकराती है, बल्कि हड्डियां चूर-चूर कर देती है। 1970-80 के दशक में वेस्टइंडीज की कैरेबियन तूफान विवि रिचर्ड्स की आग, माइकल होल्डिंग की बिजली, मैल्कम मार्शल की बौछार ने विश्व को कांपाया। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत सभी डरे। सुनील गावस्कर ने कहा, उनके सामने बल्लेबाजी आत्महत्या है। 15 वर्ष अजेय! 47 टेस्ट जीत, सिर्फ 6 हार, लेकिन जब हारना मुश्किल हो गया, तो मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब वह गोरी नस्ल का संरक्षक क्रिकेटनियमों का इकलौता मालिक जो नियमों की चालाकी से खेल पलट देता है और दुनिया की अजय टीम हारने लगती है। यह क्रिकेट नहीं, उपनिवेशवाद का अदृश्य युद्ध था।

MCC ने 1980 के कोड में बदलाव किया। वेस्टइंडीज की जीत का रहस्य उनकी फास्ट बॉलिंग की आक्रामकता, बाउंसरों की बरसात, जो गोरे बल्लेबाजों की नींद उड़ा देती उसे अनफेयर घोषित कर दिया। अंडरआर्म बॉलिंग (ट्रेवर चौपल का विवाद) प्रतिबंधित, लेकिन असली निशाना वेस्टइंडीज की ओवरआर्म स्पीड भी थी। LBW नियम सरलीकृत, बैकफुट नो-बॉल सख्त सब गोरी टीमों के फायदे के लिए। जिस गेंद अंग्रेज स्विंग से मारते (जैसे बॉब विलिस), उसे कला कहा गया। वहीं वेस्टइंडीज की बाउंसर बमबारी को खेल-विरोधी करार दे दिया गया। नतीजा? 1991 तक वेस्टइंडीज राज समाप्त कर दिया गया। यानि जो खेल कर नहीं जीत सकते थे उन्हे MCC के नियमों ने जीत दिलाई। यह बाइमेनी की जीत थी गोरे उपनिवेशवादी, काले गुलामों को मैदान पर भी गुलाम बनाए रखने में सफल रहे। वेस्टइंडीज की टीम की इस टेक्निकल हत्या पर गुलामों का कोई स्वर बाहर नहीं आया।

### उपनिवेशवाद का ब्रह्मास्त्र नियमों का अदृश्य जाल

ऐसा सिर्फ, क्रिकेट खेल में नहीं बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद आजादी का ढोंग में भी ब्रिटिश उपनिवेशवादी सोच के हिसाब से अदृश्य नियम गढ़े।

जैसे गुलामी के जमाने में पुलिस नियम थे ज्यादा तर वही आज भी हैं फौज नियम, शिक्षा नियम, यूनाइटेड नेशन नियम, मिलेनियम गोल, IMF नियम, SDGS नियम, वर्ल्ड बैंक नियम। पर्यावरण नियम। यानि हर नियम अपनी सुविधा और हमारी गुलामी को ध्यान में रक कर किसी को वेस्ट इंडीज बनने की दौड़ से बाहर ही रखा असल बात यह है कि हमारे ही खिलाफ बनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नियम हम उन्हें चेलेंज ही नहीं कर पाते या समझ ही नहीं पाते।

साउथ एशिया की अधिकतर मूर्ख जनता अनभिज्ञता पर भी खूब घमंड कर लेती है, क्योंकि सीमित सोच के अधीन कर दी गई जनता एक उपनि. वेश से निकल कर दूसरे उपनिवेश की और तो जा सकती है। आजादी की ओर हरगिज नहीं। अधिनायकवाद ही इनका मुकद्दर है।

# क्या कृत्रिम बुद्धि बता सकती है आपकी सेहत का भविष्य?

आमतौर पर किसी व्यक्ति को भविष्य में संभावित स्वास्थ्य सम्बंधी जोखिमों का अनुमान उसके स्वास्थ्य-सम्बंधी अतीत, वर्तमान जीवनशैली वगैरह के आधार पर लगाया जाता है। अब वैज्ञानिकों ने Delphi-2M नाम का एक नया एआई टूल तैयार किया है जो इस काम को ज्यादा विश्वसनीयता और सटीकता अंजाम दे सकता है। यह टूल कैंसर, त्वचा रोग और प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी गड़बड़ियों जैसी हजार से ज्यादा बीमारियों का खतरा भांप सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित यह खोज स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। अभी तक मौजूद एआई टूल्स केवल किसी एक बीमारी की संभावना बताते हैं, जैसे दिल की बीमारी या कैंसर।

पूरी तस्वीर पाने के लिए डॉक्टरों को कई मॉडल इस्तेमाल करने पड़ते हैं। लेकिन क्मसचीप-2ड एक ही जगह पर सभी बीमारियों की पूरी जानकारी दे देता है। यह टूल वैज्ञानिकों ने चौटजीपीटी जैसे चौटबॉट्स को चलाने वाले एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल में परिवर्तन कर बनाया है। जहां लार्ज लैंग्वेज मॉडल वाक्य में अगले शब्द का अनुमान लगाता है, वहीं Delphi-2M इंसान के स्वास्थ्य पर आने वाला खतरों का अनुमान लगाता है। इसमें उम्र, लिंग, बॉडी मॉस इंडेक्स, धूम्रपान व शराब की आदतें, मेडिकल इतिहास और जीवनशैली जैसी जानकारियां डाली जाती हैं। इस टूल को यूके बायोबैंक के चार लाख लोगों के स्वास्थ्य डैटा से प्रशिक्षित किया गया है। इसके परीक्षण में पाया गया कि Delphi-2M के अनुमान एकल बीमारी वाले मौजूदा मॉडलों जितने ही सटीक हैं, बल्कि कई बार उनसे बेहतर भी निकले। यहां तक कि यह एक अन्य उन्नत एआई टूल से भी आगे निकल गया, जो खून में उपस्थित जैविक संकेतकों से बीमारियां पहचानता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ कई बीमारियों का अनुमान लगाने की क्षमता इसे काफी अनोखा बनाती है। यदि यह ब्रिटेन के बाहर अलग-अलग आबादी में भी सफल होता है तो यह डॉक्टरों को ज्यादा खतरे में रहने वाले मरीजों को पहले ही पहचानने में मदद करेगा। इससे समय पर बचाव, जीवनशैली में सुधार और व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजनाएं बनाना आसान हो जाएगा जो लाखों लोगों को गंभीर बीमारियों से बचा सकती हैं। लेकिन एक स्वाभाविक सा सवाल उठता है। भारत जैसे देश में, जहां बीमारी हो जाने के बाद भी इलाज नहीं मिलता, वहां 10 साल बाद की भविष्यवाणी व्यक्ति को चिंता के अलावा और क्या दे पाएगी?

**-स्रोत फीचर्स**















































## कार्यालय नगर पंचायत बहसूमा, जनपद मेरठ।

पत्रांक : 336/न.पं.ब./2025-26 दिनांक : 18.10.2025

### समस्त नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन, भैया दूज एवं गंगा स्नान के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं

1. आप अपने घरों में नीला व हरे रंग के कूड़ेदान रखें कोशिश करें कि हम कूड़ा वैज्ञानिक तरीके से वितरण निस्तारण सीखे जो कि अपने शहर को साफ-स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने की दिशा में कदम होगा। 2. हरे रंग के कूड़ेदान में प्रत्येक प्रकार का सड़ने गलने वाला कूड़ा डालना चाहिए। जैसे बची हुई खराब सब्जी, फल, फलों के छिलके, आटा पक्का हुआ तथा कच्चा खाना फूल पत्ती, चाय की पत्ती आदि। 3. नीले रंग के कूड़ेदान में प्रत्येक प्रकार का सूखा कूड़ा डालना चाहिए। जैसे पेपर, प्लास्टिक, पॉलिथिन, लोहा, बैट्री, कपड़ा, कंच, वायर आदि। 4. कृपया पृथक-पृथक कूड़ा अपने निकाय के सफाई कर्मचारी को दें। 5. जल ही जीवन है जल का दुरुपयोग न करें, टोटी खुली न छोड़ें। 6. खुले में शौच न करें तथा घर में शौचालय बनाकर उसका प्रयोग करें। नगर पंचायत बहसूमा द्वारा बनाए गए सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालय का प्रयोग करें तथा उनको साफ रखने में नगर पंचायत का बहसूमा का सहयोग करें। 7. अपने आसपास अत्यधिक कचरा जमा न होने दें। 8. खराब पुराना कबाड़ घर में जमा न होने दें। 9. कूड़े को रास्ते, नाले, नालियों व सड़कों में न फेंके और न ही जलाये अपना समस्त कूड़ा नगर पंचायत बहसूमा के सफाई कर्मचारियों को दे दें। 10. घर के आस पास मलेरिया से बचाव हेतु पानी जमा न होने दें। 11. भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर ना डालें। 12. अपने पशुओं के गोबर को नालियों में न डालें। 13. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह एक दण्डनीय अपराध है।



**(हरिनारायण सिंह)**
अधिशासी अधिकारी



**(सचिन कुमार सुक्कड़ी)**
चेयरमैन

सभासदगणः- 1. श्री मोनू कुमार, 2. श्रीमति पिंकी, 3. श्री चीनू, 4. श्रीमति मोनिका, 5. श्री विष्णु, 6. श्री अरूण, 7. श्रीमति फूलजहां, 8. वीरेन्द्र नागर, 9. दीपक कुमार, 10. श्रीमति बालेश, 11. श्री राजू राठी।

## कार्यालय नगर पंचायत किठौर, जनपद मेरठ।

पत्रांक : 311/3/न.पं.कि./अपील/2025-26 दिनांक : 18.10.2025

### -: दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओं सहित अपील :-

**कस्बा किठौर के समस्त वासियों को नगर पंचायत किठौर के अधिशासी अधिकारी, अध्यक्षा महोदय, समस्त सभासदगण एवं समस्त स्टाफ की ओर से दीपाली की हार्दिक शुभकामनाएं।**

**जनता से अपील**

**1. पॉलीथीन हटाओ, किठौर बचाओ :-** (1) दैनिक प्रयोग से पॉलीथीन को दूर हटाएं। पॉलीथीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं। (2) सामान खरीदते समय कपड़े का थैला साथ लेकर जाएं। (3) स्वयं पॉलीथीन का प्रयोग न करके अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें कि पॉलीथीन का प्रयोग न करें।

**2. स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26:-** (1) सड़कों पर कूड़ा व गंदगी न डालें। (2) नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें। (3) नगर को साफ सुथरा बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें। (4) अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। (5) स्वच्छ भारत मिशन सर्वेक्षण 2025 में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। (6) अधिक से अधिक संख्या में गूगल प्ले स्टोर से स्वच्छता ऐप डाउनलोड कर उसका उपयोग करें। (7) गीले-सूखे व हजार्डस कूड़े के लिए अलग-अलग (हरे, नीले व लाल रंग के) डस्टबीन का प्रयोग करें। हरे रंग का डस्टबीन गीले कूड़े के लिए, नीले रंग का डस्टबीन सूखे कूड़े के लिए तथा हजार्डस कूड़ा लाल रंग के लिए। (8) नगर पंचायत किठौर को ओ.डी.एफ.++ रीसर्टिफिकेशन कराने एवं जी.एफ.सी. 01 स्टार कराये जाने में सहयोग करें। (9) होम कम्पोस्टिंग सुनिश्चित करें।

**3. अन्य अपील:-** (1) पेयजल को व्यर्थ न बहाएं। (2) अपने समस्त करों का भुगतान समय से करें। (3) जन्म-मृत्यु का पंजीकरण 21 दिवस के अन्तर्गत नगर पंचायत कार्यालय में कराएं।

**(गौरव चौधरी)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत किठौर (मेरठ)

**(नाविद चौहान)**
अध्यक्षा
नगर पंचायत किठौर (मेरठ)